दैनिक

# क्रांतिकारी संकेत

सोमवार | रायगढ़, 03 जुलाई 2023 आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा (वि.सं. 2080) | वर्ष 09, (रा.सं.अंक 306) पृष्ठ :- 10, मूल्य 3 रुपए

आपका अपना अखबार




E-mail : krantikarisanket.rgh@gmail.com | रायगढ़ से प्रकाशित | R.N.I. No. CHHHIN/2014/ 56664

रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ स्टील ...03

# वाह रे अमृत मिशन, लोग पानी के लिए हलाकान

## दूरस्थ क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहा पानी, शहरी क्षेत्र में भी बराबर बंटवारा नहीं





**रायगढ़।** भाजपा शासन काल से शुरू हुई अमृत मिशन योजना लगभग 200 करोड़ रुपये लगने के बाद भी आम जनता को पानी मुहैया कराने में असफल नजर आ रही है। अमृत मिशन योजना के तहत पूरे शहर में गढ्ढे करके पाईप लाईन बिछाई गई। इस पाईप लाईन के साथ-साथ पानी मीटर भी सभी घरों में लगाए गए ताकि जल की खपत के आधार पर प्रत्येक घर से बिल वसूली की जा सके। अब सभी घरों में पानी मीटर के द्वारा बिल वसूली तो की जा रही है। लेकिन पानी सभी घरों में नहीं पहुंच रहा है। निगम की व्यवस्था मे खामी होने के कारण नतीजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। निगम के द्वारा शहर के मुख्य पानी टंकियों को अलग कर दिया गया। जैसे लाल टंकी आदि। इनके अलग होने और



बड़ी बड़ी टंकियों के पूरा नहीं भर पाने के कारण अमृत मिशन की व्यवस्था फेल होती नजर आ रही है। ऐसे में जनता के बीच भारी आक्रोश नजर आता है। जो सोशल मीडिया में संदेश के माध्यम से फूटता नजर आता है। अब देखना यह है कि अमृत मिशन की योजना सूचारू रूप से चल पाती है या लोग लगातार परेशान रहते हैं।

### बड़ी टंकियां भरती ही नहीं

नगर निगम के द्वारा अमृत मिशन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए शहर के कई हिस्सों में बड़ी बड़ी टंकियां बनवाई गई है। अब ये टंकियां पूरी तरह से भरेंगी तो ही शहर के चारों कोनों में पानी सुचारू रूप से पहुंच सकेगा। लेकिन प्रदूषण के कारण पानी की सफाई धीरे-धीरे होती है। साथ ही बहुत कम समय के लिए टंकियों में पानी जाता है। इसलिए टंकियों के द्वारा पानी भेजने के आधे घंटे के आस-पास में टंकियां खाली हो जाती है। और पानी शहरी एवं बाहरी क्षेत्र में पूरी तरह से नहीं पहुंच पाता है। इसका जीता जागता उदाहरण बाजीरावपारा, कालीबाड़ी क्षेत्र, पुरानी बस्ती क्षेत्र के कई हिस्से आदि है। ऐसे में व्यवस्था सुधारने की जरूरत निगम को है।

### पार्षद भी अमृत मिशन से परेशान

नगर निगम के पक्ष व विपक्ष के कई पार्षद अमृत मिशन योजना के कारण परेशान है। क्योंकि जब पानी वार्ड वासियों को नहीं मिल पाता है तब वार्डवासी अपने पार्षदों को अपनी परेशानी बताते हैं ताकि उनकी समस्या का निदान हो सके। लेकिन यह व्यवस्था अब पार्षदों के हाथ में भी नहीं है। इस कारण पार्षदों को वार्डवासियों की नाराजगी झेलनी पड़ती है। एक पार्षद ने बातचीत में बताया कि पहले लगभग 500 ट्यूबवेल से पानी वितरण होता था। उस समय व्यवस्था काफी अच्छी चल रही थी। अमृत मिशन योजना सरकार के लाभ के लिए होने के कारण हमने भी सहमति दी थी। लेकिन अब ऐसा लगता है कि पुरानी व्यवस्था फिर से शुरू कर देना चाहिए। वर्ना वह दिन दूर नहीं जब वार्डवासी दौड़ा दौड़ा कर पीटेंगे। अभी इतनी खराब स्थिति है। कि गर्मी के मौसम से भी ज्यादा परेशानी वर्तमान में हो रही है। निगम को इसका उपाय जल्द से जल्द करना चाहिए।

### वाटर फिल्टर प्लांट में सफाई कम

शहर में नये फिल्टर वाटर प्लांट लग जाने के बाद भी पानी रिसाईक्लिंग पूरी तरह से नहीं हो पा रही है। व्यवस्था इस प्रकार की है कि पानी रिसाईकल करने के लिए वाटर फिल्टर प्लांट का लगातार चलते रहना बहुत ही आवश्यक है। लेकिन बिजली विभाग की कृपा से उस क्षेत्र में बिजली कई मौकों पर गुल रहती है। जिसके कारण फिल्टर प्लांट की प्रक्रिया ठप्प हो जाती है। इसके चलते पूरे समय फिल्टर प्लांट चल ही नहीं पाता है। ऐसे में प्रशासन और बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए। ताकि फिल्टर प्लांट सुचारू रूप से चल सके।

### रेगड़ा नाले से आ रही गंदगी और फ्लाई ऐश

वाटर फिल्टर प्लांट के आधा अधूरा काम करने की एक वजह रेगड़ा की ओर से आने वाले नाले की गंदगी और फ्लाई ऐश भी है। उस क्षेत्र के जानकार बताते हैं कि वास्तव में रेगड़ा नाला उधर के आस-पास के फैक्ट्री आदि के कारण काफी प्रदूषित हो चुका है। साथ ही उद्योगों का फ्लाई ऐश भी उस क्षेत्र में काफी इधर-उधर फैला हुआ है। जिसके कारण नाले का पानी फ्लाई ऐश को साथ बहाकर नदी में ले आता है। रेगड़ा नाला वाटर फिल्टर प्लांट के समीप ही है। ऐसे में पानी में बहुत ज्यादा प्रदूषण होने के कारण वाटर फिल्टर प्लांट पानी की सफाई अर्थात रिसाईक्लिंग बहुत धीरे-धीरे करता है। जिसके चलते शहर को जितना पानी चाहिए और टंकी को भरने के लिए जितना समय चाहिए वह नहीं हो पाता है। जिसके कारण पानी की व्यवस्था चरमरा जा रही है। जिम्मेदार अधिकारी को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## 15वें वित्त मद की राशि का करारोपण अधिकारी रिझन लकड़ा व सरपंच ने मिलकर चेक से किया आहरण

## जिले का पहला मामला, सचिवों की हड़ताल के दौरान करारोपण अधिकारी को दिया गया था चार्ज

# ग्राम पंचायत चोरगा व गुडूबहाल पंचायत का बड़ा कारनामा




**लैलूंगा।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड्डबहाल और चोरंगा में सचिवों की हड़ताल के दौरान लैलूंगा जनपद में पदस्थ करारोपण अधिकारी रिझन लकड़ा को पंचायत के गतिविधियों को चलन में रखने चार्ज दिया गया था जिसपर रिझन लकड़ा ने मिले अधिकारों को पूरी तरह दुरुपयोग करते हुए 15वें वित्त आयोग की राशि को चेक विड्रॉल कर आहरण कर लिया गया है। ग्राम पंचायत चोरंगा में सरपंच के साथ मिलकर लगभग 4,50,000 रु का आहरण कर लिया गया है वही गुड्डबाहल सरपंच के साथ भी साठगांठ कर बिना कार्य किये 2 लाख रुपये आहरण किया गया है। आखिर चेक बुक किस आधार पर जारी हुआ, क्या इसमें बैंक कर्मचारी की भूमिका भी रही या किस नियमों के तहत 15 वे वित्त का चेक जारी किया गया, ये सवाल उठ रहे हैं।

संभवत: यह जिले का पहला मामला है। आपको बता दे कि सचिवों की हड़ताल खत्म होने के बाद इस पूरे मामले का खुलासा हुआ है। इस मामले को लेकर अधिकारी भी सन पड़े हैं। अब इस पूरे मामले को दबाने 15 वे वित्त की राशि को पुन:वापस कराने में लगे है परंतु एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस तरह का घपलेबाजी की गई. जिसमें सरपंचों की सांठगांठ किसी छुपा नही है। अब राशि जमा करने की जद्दोजहद में लगे हुए है।

### जिम्मेदार अधिकारी ने अब तक नहीं की कोई कार्रवाई

मामले सामने आने के बाद आनन फानन के मामले को दबाने में अधिकारी भी सहयोग में लगे हैं लेकिन क्या नियम के विरुद्ध जाकर 15 वे वित्त की राशि का इस तरह बंदरबाट करने वाले लोगों पर प्रशासन कोई कार्रवाई करेगा या नहीं, ये सवाल उठना लाजिमी है। 15 वे वित्त आयोग की राशि के सम्बंध में जिला प्रशासन ने शुरू से कड़े निर्देश जारी किया गया था। उसके बावजूद इस तरह का घपलेबाज सरपँच व करारोपण पर क्या कार्यवाही होगी यह तो आने वाला समय बताएगा।

### करारोपण अधिकारी व सरपंच ने स्वीकार की गलती

जब इस संबंध में करारोपण और सरपंच से जानकारी ली गई तो स्वीकार करते हुए कहा गया कि गलती तो किए है लेकिन इस पैसे को वापिस कर देंगे, पैसे के इंतेजाम में लगे हैं। वही गुडुबहल सरपंच ने काल रिसीव नहीं किया है। वाट्सप के जरिये पूछने पर मंगलवार को मिलकर बात करने की बात कही है। पूरा मामला जांच का विषय है। निष्पक्ष जांच के बाद अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं, यह देखने वाली बात होगी ।


# 6 जुलाई को जिले के सभी तहसील कार्यालय में लगेंगे राजस्व शिविर

## पूरा राजस्व अमला रहेगा मौजूद, कलेक्टर सिन्हा ने दिए निर्देश

**रायगढ़।** राजस्व मामलों के निराकरण के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर आगामी 6 जुलाई दिन गुरुवार को सभी तहसील कार्यालयों में प्रात: 10.30 बजे से राजस्व शिविर लगाए जाएंगे। जहां एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई व पटवारी सहित पूरा राजस्व अमला मौजूद होगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शिविर की तैयारी के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी गांवों में शिविर आयोजन के संबंध में सूचना दी जाए।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए। शिविर के माध्यम से आमजनों को एक ही स्थान में राजस्व से जुड़ी सभी प्रकार की सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।कलेक्टर श्री सिन्हा के मार्गदर्शन में बीते महीनों में भी सभी तहसीलों में राजस्व शिविर लगाए गए थे। जहां एक ही दिन में हजारों की संख्या में राजस्व मामलों का मौके पर निराकरण किया गया था। ऐसा ही शिविर अब फ़िर से 6 जुलाई दिन गुरुवार को प्रात: 10.30 बजे से सभी तहसील कार्यालयों में लगेगा। जहां पूरे राजस्व अमले की मौजूदगी से राजस्व के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सकेगा।

राजस्व शिविर में नक्शा बटांकन, फौती



नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख सुधार, किसान किताब, सीमांकन, आय, निवास, जाति प्रमाण-पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र, नक्शा-खसरा, बी-1, डिजिटल सिग्नेचर व अन्य राजस्व मामलों का मौके पर निराकरण किया जाएगा।

# मंगलूडीपा बिरयानी सेंटर के पास भारी मात्रा में शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

### 65 पाव देशी, अंग्रेजी शराब और 5 बियर बोतल जब्त, कोतरारोड पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन तथा प्रशिक्षु आईपीएस व कोतरा रोड थाना प्रभारी उदित पुष्कर के नेतृत्व में कल शाम कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मंगलूडीपा रोड किनारे बिरयानी सेंटर के पास एक व्यक्ति के अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर शराब रेड कार्रवाई किया गया । कोतरारोड़ पुलिस ने मौके पर रेड कर आरोपी - रहमान खान पिता स्व0 सुलेमान खान उम्र 48 वर्ष सा. इंदिरानगर, गंगाराम तालाब के पास थाना सिटी कोतवाली को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से करीब 9 हजार रूपये की शराब- 32 पाव देशी प्लेन शराब, 33 पाव अंग्रेजी शराब (गोवा, रायल चैलेंज, मैकडॉवल्स नंबर 1) और 5 हायवर्ड बियर बोतल एवं शराब बिक्री रकम 1,260 रुपए जप्त किया गया है। आरोपी रहमान खान के कृत्य पर थाना कोतरारोड में धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को आज रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है। शराब रेड



कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक करूणेश कुमार राय, अनंत तिवारी और आरक्षक अमृत एक्का थाना कोतरारोड़ शामिल थे।

# भोजन की थाली से कम होने लगी सब्जियां

## सब्जियों के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि, बिगड़ने लगा रसोई का बजट

**रायगढ़।** पिछले कुछ दिनों से सब्जियों के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसका सीधा प्रभाव भोजन की थाली पर पड़ रहा है। आम आदमी के रसोई का बजट भी बिगड़ गया है। भोजन की थाली से सब्जियों की मात्रा कम होने लगी है। रविवार को शहर के इतवारी बाजार में टमाटर 100 रुपए किलो बिका। इसी तरह अन्य साग-सब्जी के भाव 60 रुपए से अधिक ही रहे।



पिछले कुछ दिनों से सब्जियों के दाम काफी बढ़ रहे हैं। दामों में बेतहाशा वृद्धि से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार चिंतित दिखाई दे रहा है। लगातार सजियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से आम आदमी का रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। सब्जियों में सबसे महंगा और अधिक उपयोग में आने वाला टमाटर इन दिनों 100 रूपये किलो के हिसाब से बिक रहा हैं, जिसके चलते थाली का जायका भी बिगड़ने लगा है। सब्जी व्यवसायियों का कहना है कि इस समय लोकल आवक लगभग बंद है। शहर में पुसौर, सरिया अंचल की लोकल बाड़ियों से सब्जियां आती थीं, जो इस समय नहीं के बराबर आ रही है। इसी तरह पिछले दिनों हुई बारिश से भी सब्जी की फसलें बर्बाद हो गईं। टमाटर सहित अन्य सब्जियों बाहर से आ रही हैं। वहां भी मौसम की मार से सब्जी की फसल प्रभावित हुई है। मांग के अनुरूप माल की पूर्ति नहीं हो पाने की वजह से दामों में भी वृद्धि हो रही है। यह स्थिति अभी दो-तीन माह रहने की संभावना है। लोकल बाड़ियों से उत्पादन शुरू होने के बाद ही सब्जियों की कीमत पर लगाम लग पाएगी। ऐसे में आम आदमी को सजी खरीदने से पहले कई बार सोचना पड़ रहा है। दामों में वृद्धि होने के चलते कई ग्राहक पहले की बजाय कम मात्रा में सब्जी खरीदने लगे हैं। इसका असर सब्जी व्यवसाय पर भी पड़ रहा है।

### रविवार को इस तरह रहे सब्जियों के दाम

| सब्जी | कीमत (प्रति किलो) |
| --- | --- |
| टमाटर | 100 रुपए |
| भिंडी | 60 रुपए |
| मुनगा | 80 रुपए |
| फूल गोभी | 80 रुपए |
| बैगन | 60 रुपए |
| मखना | 40 रुपए |
| अदरक | 250 रुपए |
| धनिया पत्ती | 300 रूपए |
| आलू | 25 रुपए |

# समान नागरिक संहिता के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने पहुंचे ओपी चौधरी

## भाजपा की मुहिम में हुए शामिल, प्रमुख लोगों के बीच पहुंचे और पूर्ण करवाई ऑनलाइन प्रक्रिया

**रायगढ़।** समान नागरिक संहिता के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने हेतु यूथ आइकॉन और प्रदेश भाजपा महामंत्री ओ.पी.चौधरी ने भी आज रायगढ़ आकर मोर्चा संभाला और विभिन्न तबके के प्रमुखों के बीच पहुँचकर ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करवाई।

संविधान की मूल भावना के अनुरूप यूनिफार्म सिविल कोड लागू करवाने की मुहिम के तहत स्थानीय भाजपा नेताओं ने आज संविधान निर्माता, राष्ट्रपुरुष, भारत रत्न बाबा भीमराव आंबेडकर जी प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम आयोजित करके यह संदेश दिया कि महापुरुषों के भावनाओं के अनुरूप देश बनाने में मोदी जी प्रणप्राण से जुटे हैं। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें अलग-अलग समाज के प्रतिष्ठित लोग सहित कला,साहित्य,संगीत,शिक्षा, जनसेवा, चित्रकारी, विधि और खेल जगत से जुड़ी हुई प्रमुख हस्तियां एक जगह इकट्ठा हुई और ओ.पी.चौधरी ने उनसे एक साथ समान नागरिक संहिता के पक्ष में लॉ कमीशन को समर्थन भिजवाया। कार्यक्रम के आरंभ में ओपी चौधरी ने बाबा साहेब की प्रतिमा में पुष्पाहार अर्पित किया, साथ ही आगंतुक अतिथियों व उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित हस्तियों ने गुलाब भेंटकर ओपी का स्वागत किया तथा ओपी ने वरिष्ठजनों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्य कार्यक्रम में भाजपा नेता मुकेश जैन ने ओपी के व्यक्तित्व से लोगों को परिचित करवाया और फिर ओपी चौधरी ने समान नागरिक संहिता के विषय में लोगों के समक्ष मोदी सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्पष्ट सोच यह है कि तुष्टिकरण किसी का नहीं और न्याय सबके साथ हो। अंत में ओ.पी. ने उपस्थित गणमान्य लोगों से सामान नागरिक संहिता के पक्ष में ऑनलाइन सहमति भिजवाने की विधि पूर्ण करवाई। सभी की उपस्थिति के लिये ओ.पी. व मुकेश जैन दोनों ने सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।





### यूसीसी की समर्थन करने वालों में ये रहे शामिल

आज के कार्यक्रम में यूसीसी का समर्थन करने वालों में कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसीपल प्रोफेसर के के तिवारी, प्रसिद्ध संगीतज्ञ ठाकुर मनहरण सिंह, प्रसिद्ध चित्रकार मनोज श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह,सिंधी पंचायत के अध्यक्ष गुरुमुख वलेचा, गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री आनंद बेरीवाल, श्री गुरुनानक स्कूल के अध्यक्ष व रोटेरियन प्रितपाल टुटेजा, अमरजीत सिंह, पत्रकार दिनेश मिश्रा, नागरिक बैंक की उपाध्यक्ष व जैन संगठना की प्रमुख हेमा शाह, शिक्षिका सविता येरा, रेणु बेरीवाल, संतोष केडिया, अधिवक्ता संघ के सचिव शरद पांडेय, ग्रंथालय सचिव सुशील पोद्दार , महेंद्र यादव, समाजसेवी अशोक अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल,घनश्याम गुप्ता, बैडमिंटन के नेशनल खिलाड़ी सौरभ पंडा, खिलाड़ी गण हितेश वर्मा, अपूर्व जैन, सार्थक केडिया,प्रथम अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल, हर्ष, आदित्य,गौरव गोयल,सुयश अग्रवाल, प्रार्थना अग्रवाल, हेमंत सोनी ,विकास सिंह,लता श्रीवास्तव, हर्षवर्धन बारीक, प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला भाजपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, वरिष्ठ नेता मुकेश जैन, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, ज्ञानेश्वर सिंह, आशीष ताम्रकार, सुनील थवाईत, अनुपम पाल, डिग्रीलाल साहू, पार्षद राजेन्द्र ठाकुर, मुक्तिनाथ बबुआ, राजा चौबे, ज्ञानू मोदी, श्रवण सिदार, सुमित शर्मा, प्रवीण द्विवेदी,गोलू यादव, मितेश शर्मा, शैलेश माली, अंकुर गोरख, नरेंद्र ठेठवार, रामजाने भारद्वाज, ओंकार तिवारी, आकाश शर्मा,सुजीत लहरे,छोटू खान, सुशील सिंह,नितेश ठाकुर,सूरज मिरी,विकास महतो, अभिलाष कछवाहा, चूड़ामणि नामदेव, के संजीत, नेहा देवांगन, मीनाक्षी मेहर,कल्पना यादव, अशोक श्रीवास्तव सहित भाजपा की पूरी टीम ने सहभागिता दर्ज की।

# जिला प्रशासन की फ्री कोचिंग सारबिला अकादमी अब भटगांव और बरमकेला में भी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में संचालित फ्री कोचिंग 'सारबिला कैरियर अकादमी' का संचालन का विस्तार जिले में बढ़ रहा है। अब बरमकेला के शासकीय कन्या शाला परिसर और भटगांव के सांस्कृतिक भवन पुराना बस स्टैंड मे 3 जुलाई सोमवार से कोचिंग प्रारंभ किया जा रहा है। सारंगढ़ के कोचिंग में बहुत से छात्र-छात्राएं जिले के दूसरे विकासखण्डों से भी आते हैं जिन्हें आवास एवं खानपान से संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए व संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े एवं कलेक्टर डॉ सिद्दीकी की पहल पर युवा बेरोजगारों के मांग पर सारबिला अकादमी सारंगढ़ का ही ब्रांच खोला गया है। इसका लाभ कोई भी युवक-युवतियां ले सकती हैं। इसमें 10वी से लेकर कॉलेज आदि उत्तीर्ण के सभी आयु के युवा जो सरकारी भर्तियो के लिए होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओ जैसे पीएससी व्यापाम, एसएससी, रेलवे आदि परीक्षाओ की तैयारी कर रहे हो वो इन कक्षाओं का लाभ नि:शुल्क ले सकते हैं। कोचिंग के संबंध में भटगांव में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) नगर पंचायत भटगांव से और बीईओ बरमकेला के साथ-साथ प्राचार्य शासकीय कन्या शाला बरमकेला से भी सम्पर्क किया जा सकता है। इन ब्रांच में इच्छुक युवा अपना आधार कार्ड और 10-12वीं उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति से नामांकन करवा कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस हेतु कोचिंग के नोडल फैकल्टी बरमकेला-9399914669, भटगांव-8085453736 में सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इसमें एडमिशन पहले आओ पहले पाओ पद्धति से तथा टेस्ट मे आने वाले रैंक के आधार पर होगा। इसके साथ ही रोज सुबह 7 बजे सीधे कक्षाओं मे उपस्थित हो कक्षाओं का लाभ ले सकते है।




उल्लेखनीय है कि सारबिला कैरियर अकादमी जिला प्रशासन द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग संस्थान है। यह योजना युवा बेरोजगारों के भविष्य को उज्जवल बनाने की एक अच्छी कोशिश है। मात्र एक माह के अंदर ही इस संस्थान में जिले के अब तक इसमें 650 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है और नियमित रूप से 225 युवा इन कक्षाओं के साथ-साथ साप्ताहिक और मासिक टेस्ट का भी लाभ ले रहे हैं।

# रिलेक्स के साथ लज्जत का खजाना: इंडियन कैफे

**रायगढ़।** यदि आप शहर की भीड़ भाड़ से भरी और व्यस्त जिंदगी मे शांति के साथ रिलैक्स की ऐसी जगह तलाश रहे हैं जहां आपके पसंद का खानपान भी उपलब्ध हो तो आपकी यह तलाश इंडियन कैफे पूरी कर सकता है। नगर के लक्ष्मीपुर कार्मेल स्कूल मार्ग पर खुले इंडियन कैफे में ग्राहकों की हर उस सुविधा का भरपूर ध्यान रखा गया है जो आज की जरुरत भी है। इस कैफे के संचालक नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पीसीसी उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद मो. अशरफ खान ने बताया कि शहर में बढते कैफे कल्चर की परंपरा मे अब इंडियन कैफे भी शुमार हो गया है। इस कैफे मे शांत और स्वच्छ वातावरण के साथ मेहमानमाजी के लिए इंडियन, साउथ इंडियन, चाइनीज, इटालियन समेत तमाम लज्जतदार फूड आयटम और बच्चों की पसंद के पिज्जा, बर्गर, चाऊमीन, सैंडविच पेटिस व छत्तीसगढ़ी व्यंजन उपलब्ध हैं। वहीं कोल्ड ड्रिंक, आईसक्रीम, जूस, मॉकटेल समेत गर्म तासीर के पेय पदार्थ भी उपलब्ध हैं। मो.अशरफ ने बताया कि कैफे को खोलने का मकसद लोगों को खासकर नौजवानों व बच्चों की पसंद फरमाने तथा रिलेक्सेशन के लिए एक सही जगह देना है। कैफे में चाहे सर्व किया जाने वाले फ़ूड हों या फिर गर्म ठंडे पेय, ये सब कस्टमर को रिलेक्स करने के उद्देश्य से बहुत ही ध्यान से चुना गया है। कैफे का नाम भी इंडियन रखने के पीछे उद्देश्य यह है कि यह ग्राहकों को भारतीयता के एहसास के साथ आकर्षित कर सके। मो.अशरफ ने बताया कि कैफे से पहले वहां भारत इंजीनियरिंग के नाम से उनका आटो वर्क प्रतिष्ठान था जिसे शिफ्ट करने के बाद सत्कार और मेहमानमाजी के व्यवसाय मे उतरे हैं। इंडियन कैफे का शुभारंभ अशरफ के बड़े भाई हाजी मो. इकराम खान व जामा मस्जिद के पूर्व सदर हाजी मो. अबरार खान के हाथों किया गया। इस कैफे मे मो.अशरफ के अलावा उनके बेटे मो. आमिर भी ग्राहकों के सेवा सत्कार मे भरपूर समय दे रहे हैं।

कैफे मालिकों का कहना है कि इंडियन कैफे एक ऐसी जगह साबित होगी जहां भीड़भाड़ से दूर लोग अपने पसंद की हाई टी एवं कॉफी का लुत्फ लेते हुए फैमिली व दोस्तों के साथ माइंड रिलेक्स कर सकेंगें।

# लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड की नवीन कार्यकारणी का गठन







### लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड की अध्यक्ष लता दीपक अग्रवाल डोरा, सचिव विनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आभा अग्रवाल होंगी

**रायगढ़।** अंतराष्ट्रीय समाजिक संस्था द इंटरनेशनल लॉयन्स क्लब एसोसिएशन 3233 -सी की शाखा लॉयन्स क्लब रायगढ़ प्राइड की समस्त सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से नवीन पदाधिकारियों का गठन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष लायन लता दीपक अग्रवाल डोरा, सचिव लायन विनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन आभा अग्रवाल, प्रथम उपाध्यक्ष लायन आशा बेरीवाल, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन पूनम सिंग, क्लब स्टेंड्स्त्र कोऑर्डिनेटर लायन मंजू बैजनिया, मेम्बरशिप चेयरपर्सन लायन डॉ नेहा अग्रवाल क्लब सर्विस चेयरपर्सन लायन भावना पुलत्स्य, क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लायन शिखा रात्रे और क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन अनिता शिव अग्रवाल बने। रायगढ़ के ही लायन शैलेश अग्रवाल नए सत्र में डिस्ट्रिक्ट 3233 -सी के गवर्नर है, और क्लब से ही लायन डॉ स्नेहा चेतवानी जोन चेयरमेन बनाई गईं हैं। जिनके नेतृत्व मे अच्छे कार्य करने का पूरा प्रयास होगा। लायन लता अग्रवाल का कहना है, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मिशन हैप्पीनेस के तहत कार्य कर लोगों के जीवन मे खुशियाँ लाने से हमें बहुत खुशी होगी।

## अपने दादाजी को साहित्यांजलि देने का ख्वाब पूरा किया शदाब ने

# याद-ए-मुश्फ़िक़ का हुआ भव्य आग़ाज़, देर रात्रि तक झूमते रहे श्रोता

**रायगढ़।** विशुद्ध हिंदी शब्दावली से सजी गीत, कविता और उम्दा क़ाफ़िया व रदीफ़ से बंधी ग़ज़लों के जादूगर मुस्तफा हुसैन मुश्फ़िक़ को रायगढ़ की धरती ने पुन: अमरत्व दिया दे दिया, रायगढ़ के जाने माने गायक, राकेश शर्मा, निशा शर्मा, गरीबदास मंहत, जगमोहन, रिम्बा बैनर्जी जी के संगीत मय समूह ने झनकते सुरीली आवाज ने पूरे रायगढ़ को झंकृत कर दिया। वहीं पर रायगढ़ के जाने माने साहित्यकार मनहरण सिंह ठाकुर, सुखदेव पटनायक, तेजराम नायक, गुलशन खम्हारी, पूर्णिमा चौधरी, केशिका साहू ने उनकी रचनाओं का वाचन कर सम्मान दिया। गीत ग़ज़लों और कविताओं की महक देर रात्रि तक सबको सुरभित करते रहें।



मुस्तफा हुसैन ने जिस भाव से समाज के धर्मांधता और खोखलेपन को कलम से उकेरा था एक -एक शब्द के साथ सुर साधकों ने न्याय किया। बच्चे-बुजुर्ग और युवाओं से सजी इस महफ़िल में सभी ने आनंद लिया। हर प्रत्येक गजल और शायरी में तालियों की गुंजन गूंजते स्वर अंत तक सजे रहे।

पिछले डेढ़ माह से साहित्यकारों, संगीतकारों और गायकों के अथक परिश्रम से यह कार्यक्रम सफल हुआ जिसका श्रेय मुश्फ़िक़ परिवार को जाता है, जिन्होंने साहित्य को पुनर्जीवित कर समाज में एक मिशाल पेश की है।

इस दौरान उनके समकालीन के शागिर्द सनत कुमार ने मुस्फीक जी के जीवन परिचय का वाचन किया,और प्रभात त्रिपाठी ने उनके साहित्य के योगदान से रूबरू कराया वही समीक्षात्मक लेख से श्याम नारायण श्रीवास्तव ने अपना उद्बोधन रखा,तथा लोकेश गुप्ता ने उनके प्रति भावांजलि रखी। कार्यक्रम के दौरान आशा मेहर किरण एवं उनकी पूरी टीम ने मुश्फिक जी के साहित्य के लिए उन्हें काव्यावटिका के सम्मान से सम्मानित किया, अंत में उनके समकालीन साहित्यकार, मनमोहन सिंह ठाकुर, प्रभात त्रिपाठी, कमल बोहीदार, मनहरण सिंह ठाकुर, सुभाष त्रिपाठी, जगदीश मेहर, रामनाथ साहू, परमानंद मेहर, जी को मुश्फिक परिवार के सदस्य अनीश अक्तर, शदाब हुसैन, राशिद हुसैन ने सम्मान किया।

### कार्यक्रम के दौरान इनका किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देने वाले मनहरण सिंह ठाकुर, सुखदेव पटनायक, श्याननारायण श्रीवास्तव, आशा मेहर,अजय पटनायक ,तेजराम नायक, गुलशन खम्हारी, पूर्णिमा चौधरी, केशिका साहू, चंद्रभान चंदन, राघवेंद्र ,जयंत पटेल, पावन दिव्यांशु, लोकेश गुप्ता को भी समानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मधुरिम काव्य, काव्य कलश खरसिया, सखी साहित्य,जनवादी लेखक संघ, राष्ट्रीय कवि संगम,नवोन्मेष रचना मंच, मानव कल्याण ,संस्कार भारती ,स्पंदन के साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय पटनायक ने किया।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कोविड प्रकरण की सहायता राशि स्वीकृत की

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कोविड-19 के एक प्रकरण के लिए आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। मृतक लच्छराम बघेल पिता प्रेमलाल निवासी ग्राम बगलोटा तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की मृत्यु कोरोना से हुई थी। उनके आश्रित मदन बाई पति लच्छराम को 50 हजार की आर्थिक अनुदान सहायता राशि का भुगतान कार्यालय तहसीलदार बिलाईगढ़ द्वारा आश्रित के बैंक खाता में ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा।

# लीनेस क्लब रुरल ने किया डॉ. राजू अग्रवाल, डॉ. प्रकाश मिश्रा का सम्मान






फिजियोथेरिपिस्ट सिद्धार्थ शुक्ला को भी तुलसी पौधा भेंट कर किया सम्मानित

**रायगढ़।** लीनेस क्लब रायगढ़ रूरल ने डाक्टर्स-डे पर डाक्टरों का सम्मान करते हुए जिले के सुप्रसिद्ध डा. राजू अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ) व डॉ. प्रकाश मिश्रा का सम्मान किया। डॉ. अग्रवाल व डॉ. मिश्रा की सेवा रायगढ़ वासियों को पिछले कई वर्षों से मिल रही है। साथ ही फिजियोथेरिपिस्ट सिद्धार्थ शुक्ला का भी लीनेस क्लब की अध्यक्ष ने चरण स्पर्श कर भेंट स्वरूप तुलसी के पौधे भेंट किए। साथ में लीनेस रिंकी गुप्ता भी रहीं।

### गुरूपूर्णिमा पर दिव्यजीवन संघ में सत्संग का आयोजन आज

**रायगढ़।** योग एवं अध्यात्म की अंतर्राष्ट्रीय संस्था दिव्यजीवन संघ के स्थानीय शहर शाखा कार्यालय मे गुरुपूर्णिमा के अवसर पर 3 जुलाई सोमवार को बिभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। संस्था के अध्यक्ष प्रोफे. क्रांतिकुमार तिवारी ने बताया कि गुरूपूर्णिमा पर सुबह 10 बजे से पूज्य गुरुदेव स्वामी शिवानंद जी महाराज के छायाचित्र की पूजा अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा ।इसी क्रम मे गुरूमहिमा से प्रेरित भजन कीर्तन व सत्संग पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा ।कार्यक्रम की अगली कड़ी में दोपहर 2 बजे से राजघाट एम कॉँटापाली शिवानन्द नगर स्थित स्वामी शिवानंद जागृति आश्रम मे सत्संग के साथ साथ काव्य गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिव्यजीवनसंघ के संयोजक जगदीश मेहर सहित संस्था के सदस्यों ने श्रद्धालु भक्तजनों से आग्रह किया है कि गुरूपूर्णिमा के समस्त आयोजनो मे शामिल होकर पूण्य के भागी बने।



C M Y K



दैनिक क्रांतिकारी संकेत



02

रायगढ़, सोमवार, 03 जुलाई 2023

02

# सेवानिवृत्ति पर केपी नायक व शेख कलीमुल्लाह को दी गई भावभीनी विदाई

## कृषि विभाग में विदाई का सम्मान समारोह संपन्न, कर्मचारी नेता को अनोखे अंदाज में दी गई विदाई

**रायगढ़।** कार्यालय उप संचालक कृषि के सभाकक्ष में 30 जून का दिन ऐतिहासिक रहा। इस दिन कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी में पदस्थ केपी नायक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड रायगढ़ में पदस्थ शेख कलीमुल्लाह कृषि विकास अधिकारी विनय मोहन ठेठवार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को अपनी अधि वार्षिकी पूर्ण किए जाने पर कृषि परिवार रायगढ़ द्वारा विदाई सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई।







समारोह में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में केपी नायक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को मिलनसार व्यक्तित्व के धनी बताते हुए कहा कि श्री नायक विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता रखते हैं एवं श्री नायक की कार्यशैली प्रशंसनीय रही है। श्री नायक को विभाग में दिए गए अपने लगातार योगदान के लिए गत वर्ष जनवरी 2023 में विभाग प्रमुख द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शेख कलीमुल्लाह के विभागीय कार्यों में कुछ अलग करने की चाहत को रेखांकित करते हुए कहा गया कि लीक से हटकर कार्य करने की वजह से दो बार (2005 एवं 2013 )मे गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। वर्ष 2013 में रायगढ़ जिले के सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी चुने गए एवं 10,000 रुपए के पुरस्कार से रायपुर में सम्मानित किए गए। वहीं जिले के सभी कर्मचारी आंदोलनों मैं अपनी सहभागिता निभाते रहे इनके नेतृत्व में कर्मचारियों के विरुद्ध अन्याय नहीं हो सकता। ऐसी धारणा जिले के कर्मचारियों में रही ।विनय मोहन ठेठवार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कर्मठ कर्मचारी के रूप में जाने जाते रहे। आप मृदुभाषी एवं व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी है। श्री ठेठवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि तीनों विभागीय कार्यों में दक्ष रहे हैं अतः विभाग को आपकी कमी सदा महसूस होती रहेगी। तीनों अधिकारियों को कृषि परिवार द्वारा शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी के सेवानिवृत्ति आदेश के साथ ही उनके निजी स्वत्व जीपीएस फाइनल समर्पित अवकाश जीआईएफ एवं एफबीएफ राशि के भुगतान के आदेश प्रदाय किए गए। उपस्थित जन समुदाय द्वारा इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के अंत में शेख कलीमुल्लाह कृषि विकास अधिकारी को उनके कार्य अवधि में कर्मचारी हित में किए गए कार्यों को नमन करते हुए सम्मान पत्र दिया गया तथा कर्मचारियों के हक में हमेशा धरना प्रदर्शन करने वाले जुझारू नेता को उन्हीं के स्टाइल में इंकलाब जिंदाबाद कर्मचारी नेता कैसा हो शेख कलीमुल्लाह जैसा हो शेख कलीमुल्लाह जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाते हुए रैली निकालकर सम्मान प्रदर्शित करते हुए बिदाई दी गई। कार्यक्रम के अंत में अभिषेक पटेल द्वारा आभार व्यक्त करते हुए समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ माधुरी त्रिपाठी द्वारा किया गया।

### समारोह में प्रमुख रूप से इनकी रही उपस्थिति

समारोह में अजय कुमार जयसवाल सहायक संचालक कृषि हरीश कुमार राठौर अनुविभागीय कृषि अधिकारी दिव्या गौतम सहायक संचालक कृषि दुबराज राठिया, अभिषेक पटेल, विनोद कुमार पटेल, जन्मेजय पटेल, मनीषा राठोर, विनोद कुमार पटेल, उसत राम पटेल, पुरुषोत्तम पटेल कृषि विकास अधिकारी आईसी मालाकार, जमीन एकता, सुखदेव सिदार, अल्मा रेणुका तिग्गा , फूलबेर्था तिर्की, अनीमा खलखो, संघमित्रा बघेल, सुमन मिश्रा लक्ष्मी आचार्य. उत्तरा कुमार मालाकार, दाताराम नायक, अमित पटेल, श्रीनिवास पटेल, प्रहलाद पटेल, तरुण सिंह पटेल श्री मनोज साहू, विकास साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरप्रसाद धुर्वे,बुंदेल सिंह सिदार , जय प्रकाश देवांगन, दीपिका तिवारी, सुनील प्रधान, विजय बनवासी, नंदनी भगत, विनय कुमार पुजारी, सौरभ भार्गव,आयुष बड़गइयाँ, वेद प्रकाश अजगल्ले, संदीप टंडन, विनोद दास मानिकपुरी कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। वही विभाग सेवानिवृत्त हो चुके आईएल सराफ, पीके सराफ, सीएल नायक, पालूराम पटेल, गोकुल पटेल, आरएन साहू ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कृषि परिवार का उत्साह बढ़ाया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि के रूप में कर्मचारी नेता रामनिवास पटेल एवं घनश्याम पटेल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान किया।

## 35 यूनिट ब्लड ओपी जिंदल ब्लड बैंक में एकत्रित किया, रोटरी सदस्य व उनके परिवारजनों ने लिया हिस्सा

# रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ स्टील सिटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन








**रायगढ़।** रक्तदान महादान, आपका एक यूनिट ब्लड तीन जिंदगी को बचा सकता है, जब आप रक्तदान करते हैं तो आपको अपने मन में ही एक संतुष्टि का भाव उभरता है। इसी उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ स्टील सिटी द्वारा इस साल के नए अध्यक्ष रोटेरियन अरविन्द गर्ग के नेतृत्व में अपना पहला कार्य पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित करते हुए ओपी जिंदल हॉस्पिटल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जो प्रातः 10ः00 बजे से लेकर दोपहर 2ः00 बजे तक निर्बाध गति से चलता रहा। इस शिविर में रोटरी सदस्य एवं उनके परिवार जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और करीब 35 यूनिट ब्लड ओपी जिंदल ब्लड बैंक में एकत्रित किया। चेयरमैन रोटेरियन संजय अग्रवाल व नवनियुक्त सचिव रोटेरियन आकाश पुरसेठ के संयुक्त प्रयास से यह रक्तदान शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन के साथ-साथ रोटरी क्लब रायगढ़ स्टील सिटी ने आज डॉक्टर डे व सीए डे भी बनाया।

### डाक्टर्स व सीए का किया सम्मान

कार्यक्रम में क्लब के चार डाक्टरों डॉ. प्रकाश मिश्रा, डॉ. सतीश अग्रवाल, डॉ. राहुल अग्रवाल, डॉ. अहर्निश अग्रवाल के साथ-साथ ओपी जिंदल हॉस्पिटल के करीब 20 डॉक्टरों का बुके व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सीए डे के अवसर पर क्लब के ही चार चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए संतोष टिबरेवाल,सीए संजय सोनी, सीए दिनेश अग्रवाल सीए रवि अग्रवाल का भी बुके व श्रीफल से सम्मान किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्यों के साथ-साथ नवनियुक्त सदस्यों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं पूरे कार्यक्रम को भब्यता प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व नहीं करते इसलिए मोदी के कार्यक्रम में नहीं जा रहे भूपेश बघेल: गोमती साय

## बिना बुलाए भगवान के घर नहीं जाने भूपेश के बयान को सांसद ने अहंकारी बताया

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छग प्रवास के दौरान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भूपेश बघेल द्वारा निमंत्रण मिलने पर जाने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद गोमती साय ने कहा मोदी जी देश की साथ छत्तीसगढ़ वासियों के भी प्रधानमंत्री है और भूपेश बघेल प्रदेश के मुखनमंत्री हैं छग का प्रतिनिधित्व करने के नाते कार्यक्रम में जाना उनका दायित्व है।



सांसद ने कहा आजादी के पचास सालो के बाद भी छत्तीसगढ़ प्रदेश का गठन नहीं किया गया लेकिन भाजपा के अटल बिहारी की सरकार ने ढाई करोड़ छत्तीसगढ़ वासियों को पोस्ट कार्ड में प्रदेश का पता लिखाने का हक दिया। कांग्रेस की सत्ता के दौरान छग प्रदेश पिछड़े पन का दंश झेलता रहा लेकिन भाजपा की रमन सरकार ने छग को बीमारू राज्य की कतार से निकाल कर अग्रणीय राज्यो को कतार में ला खड़ा किया। छग में आने वाले बीजेपी नेताओं द्वारा झूठ बोलने के बयान पर गोमती साय ने कहा पूरा प्रदेश जानता है कि शराब बंदी के लिए झूठी कसम किसने खाई? शराब बंदी के लिए गंगा जल का कसम खाने वाली सरकार शराब की आड़ मे घोटाले कर रही। झूठे वादों के दम पर सत्ता में आई भूपेश सरकार ने कर्मचारियों के साथ किए वादे पूरे नहीं किए। गृह मंत्री द्वारा धान खरीदी के बयान को झुठलाए जाने के बयान कर गोमती साय ने कहा भूपेश सरकार बताए उन्होंने पांच सालो में धान खरीदी के लिए कितना प्रावधान किया। वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया। केंद्र की योजनाओं की नाव पर सवारी करने वाले भूपेश बघेल ने हजारों करोड़ का ऋण लेकर प्रदेश वासियों को कर्जदार बना दिया।

अगर बुलाएंगे तो शैतान के घर भी जाएंगे और नहीं बुलाएंगे तो भगवान के घर भी नहीं जाएंगे। भूपेश बघेल के इस बयान हास्यास्पद पद बताते हुए सांसद गोमती साय ने कहा कि वे बार-बार बिना बुलाए दिल्ली गांधी परिवार के यहां माथा टेकने क्यों जाते है? भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट कर उनकी हत्या की जा रही है प्रदेश में नक्सलवाद की घटनाएं हो रही है भूपेश बघेल से नक्सल वाद नियंत्रित नही हो रहा।

# समान नागरिक संहिता का समर्थन कर राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें: अभय अग्रवाल

**रायगढ़।** भाजपा युवा नेता अभय अग्रवाल ने लोगो से समान नागरिक संहिता का समर्थन करने की अपील की है। अभय अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगो से समर्थन की अपील की है और साथ ही लोगो को इस कानून के बारे में जागरूक करने का काम भी किया है। उनका कहना है की देश को सशक्त बनाने के लिए यह कानून बहुत ही जरूरी है। जिस प्रकार एक घर में परिवार के हर सदस्य के लिए नियम कानून एक समान होते है तभी परिवार व्यवस्थित ढंग से चल पाता है, इसी प्रकार यदि हमारे देश को व्यवस्थित ढंग से और तेज रफ्तार से प्रगति को ओर ले जाना है तो सभी लोगो के लिए नियम और कानून एक समान होने चाहिए। ना की उनके धर्म, जाति, वर्ग या संप्रदाय के अनुसार। उन्होंने बताया कि भारत में जाति और धर्म के आधार पर अलग-अलग कानून और मैरिज एक्ट हैं। इसके कारण सामाजिक ढांचा बिगड़ा हुआ है। यही कारण है कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग उठती रही है जो सभी जाति, धर्म, वर्ग और संप्रदाय को एक ही सिस्टम में लेकर आए। एक कारण यह भी है कि अलग-अलग कानूनों के कारण न्यायिक प्रणाली पर भी असर पड़ता है। वर्तमान समय में लोग शादी, तलाक आदि मुद्दों के निपटारे के लिए पर्सनल लॉ बोर्ड ही जाते हैं। इसका एक खास उद्देश्य महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित अम्बेडकर द्वारा परिकल्पित कमजोर वर्गों को सुरक्षा प्रदान करना है।



# हाईवे में वाहनों पर निशुल्क रिफ्लेक्टर लगा रही यातायात पुलिस

### सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने यातायात पुलिस का अभियान

**रायगढ़।** बरसात के दिनों में अक्सर तेज बारिश के समय सड़क पर सामने खड़ी बिना इंडिकेटर और रिफ्लेक्टर के खड़ी वाहन दिखाई नहीं पड़ती और दुर्घटना का शिकार होती है जिसके मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा हाईवे में कमर्शियल एवं ट्रांसपोर्ट वाहनों पर निःशुल्क रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है । आज यातायात पुलिस के जवानों द्वारा इस अभियान की शुरूआत कर ट्रांसपोर्टनगर, छातामुड़ा चौक, उड़ीसा रोड़ एवं ह॥ के कई स्थानों पर कमर्शियल एवं निजी वाहनों पर रेडियम स्टीकर लगाया गया है । यातायात डीएसपी श्री सुशांतो बनर्जी बताए कि सड़क सुरक्षा के मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा एसएसपी श्री सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर कमर्शियल एवं ट्रांसपोर्ट वाहनों में निःशुल्क रिफ्लेक्टर लगाया जा रहा है जो आगे अभी जारी रहेगा । उनके द्वारा वाहन चालको से अपील किया गया है कि सड़क पर वाहन खड़ी ना करें क्योंकि इन दिनों तेज बारीश के दौरान वाहन दिखाई नहीं पड़ते जिससे दुर्घटना की संभावना अधिक होती है । खतरनाक तरीके से सड़क के मध्य वाहन खड़ी करने वाले चालकों पर धारा 283 आईपीसी के तहत कार्यवाही का प्रावधान है ।






# गुरु शिष्य के अटूट बंधन को अघोर गुरु पीठ बनोरा ने किया मजबूत

### आज गुरु पूर्णिमा पर विशेष

**रायगढ़।** पिछले तीन दशकों में अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा ने गुरु शिष्य के अटूट बंधन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। रायगढ़ से 12 किमी दूर पूर्वांचल क्षेत्र में स्थित अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा की आध्यात्मिक हरियाली आने वाली पीढ़ी के लिए पथप्रदर्शक की भूमिका निभायेगी। वेदों में यह बताया गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है और गुरु ही भगवान शंकर है। गुरु ही साक्षात परब्रह्म भी है । गुरु का स्थान गोविंद से भी ऊंचा माना गया है ।जीवन में मौजूद अज्ञानता के अधकार गुरु की सनिध्यता से आसानी से समाप्त हो जाता है। सही मायने में जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर जीवन में प्रकाश भरने वाले को 'गुरु' कहा जाता है। मनुष्य के लिए गुरु एवम देवता की भक्ति एक सी होनी चाहिए। ईश्वर का साक्षात्कार भी गुरु के जरिए संभव है। गुरु कृपा का अभाव जीवन को समस्या ग्रस्त बनाता है। तमसो मा ज्योतिगर्मय'' अंधकार की बजाय प्रकाश की ओर ले जाना ही



गुरुत्व है। वैश्विक स्तर पर बहुत ही मौजूद समस्याओं का कारण गुरु-शिष्य परंपरा का टूटना ही है। मानव समाज के लिए निर्मित इस सृष्टि में सबसे पहले परमात्मा ने पंच तत्वों में आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, सूर्य, चंद्रमा, पेड़-पौधे, वनस्पतियो का निर्माण किया। मनुष्य इस धरती पर परम पिता परमेश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति ही है। सभी प्राणियों में मनुष्य की बौद्धिक क्षमता सर्वाधिक है ताकि अच्छे-बुरे का चिंतन कर उसमें भेद कर सके।

आध्यात्मिक ज्ञान के स्त्रोत पूज्य बाबा प्रियदर्शी के पावन रज पाकर बनोरा की पुण्य भूमि आध्यात्मिक त्रिवेणी का स्त्रोत बन गई। पूज्य पाद प्रियदर्शी राम जी ने गुरु शिष्य परंपरा के जरिए समाज में व्याप्त अज्ञानता के अंधकार को दूर कर उसे प्रकाश मय बनाया। बाबा प्रियदर्शी राम जी ने समाज को यह बताया कि ईश्वर रचित संसार में मनुष्य का आगमन विशेष उद्देश्य के लिए हुआ है। हर मानव के अंदर मौजूद ईश्वर तत्व के जरिए सदविचार, सदव्यव्हार, सद आचरण योग प्राणायाम और सद आहार से सुख शांति समृद्धि हासिल कर आने वाली पीढ़ी के लिए अनुकरणीय मिशाल बन सके ।बाबा प्रियदर्शी राम इस बात को समझते थे कि कलह कलेश के इस युग में लोभ, माया, ईष्या, द्वेष के दलदल में फंसा शक्तिहीन मनुष्य राष्ट्र निर्माण नही कर सकता। लेकिन अघोर पंथ के मूल्यों को आत्मसात कर मनुष्य मजबूत राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकता है। बाबा प्रियदर्शी के कर कमलों से अघोर गुरु पीठ की नीव अघोर पंथ के मूल्यों की स्थापना के लिए की गई। अपनी स्थापना के साथ ही अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा मानव समाज के चरित्र निर्माण की पाठशाला बना हुआ है। बाबा प्रियदर्शी राम यह समझते है कि सबल मनुष्य से ही समाज मजबूत होगा और राष्ट्र को सबल बनाने का सपना साकार होगा। एक दिन जीवन के राख हो जाने की कल्पना मनुष्य को भयभीत कर देती है बाबा प्रियदर्शी राम ने समाज को इस भय से बाहर निकलने का मंत्र बताया। जीवन के राख बन जाने की सच्चाई वर्तमान की खुशियों को खत्म कर सकती हैं इसलिए जन्म से लेकर श्मशान तक की अंतिम यात्रा के मध्य के सफर को स्वर्णिम बनाने का सहज तरीका भी पूज्य अघोरेश्वर ने अपने शिष्य बाबा प्रियदर्शी रामजी को बताया। बाबा प्रियदर्शी राम जी ने अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में ही सेवा का बीज रोपा आज वह वट वृक्ष बन गया। आज यह आश्रम समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े बेसहारा लोगों को निःशुल्क चिकित्सा व शिक्षा सेवा उपलब्ध करा कर मिथक स्थापित कर रहा है। जिन उद्देश्यों को लेकर आश्रम की स्थापना की गई वे आज समाज के लिए प्रेरणा दाई साबित हो रहे है।

# नहीं रहे संगम क्लाथ के संचालक मनोहर उदासी

### सिंधी समाज में शोक की लहर,चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जताया दुःख

**रायगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी संगम क्लॉथ स्टोर के संचालक मिलनसार मनोहर उदासी का शनिवार की देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय मनोहर उदासी की अंतिम यात्रा रविवार को बोईरदादर पंचवटी कॉलोनी से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार पंजरीप्लांट मुक्तिधाम में किया गया। प्रतिष्ठित कारोबारी मनोहर उदासी के निधन से सिंधी समाज में शोक की लहर है, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स की जिला इकाई ने मनोहर उदासी के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से कामना की है कि शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल मिले।



C M Y K

# जनपद पंचायत बरमकेला में नीला राम पटेल को दी गई विदाई

## अब जिला पंचायत रायगढ़ में एडिशनल सीईओ की जिम्मेदारी संभालेंगे पटेल, नए सीईओ चक्रधर नायक का हुआ सम्मान





**बरमकेला।** जनपद पंचायत बरमकेला में पदस्थ रहे मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलाराम पटेल की जिला पंचायत रायगढ़ के एडिशनल सीईओ पद पर पदोन्नति होने के बाद आज जनपद पंचायत बरमकेला के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

जिला पंचायत सदस्य सदस्य, कार्यपालन अधिकारी जनपद, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरपंच, सचिव संघ, जनपद के सभी बीडीसी सरपंच-सचिव सही गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। समारोह में परियोजना अधिकारी नीलाराम पटेल को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जनपद पंचायत बरमकेला की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं सचिव संघ सभी ने नीलाराम पटेल गिफ्ट भेंट कर उनके कार्यकाल को याद किया गया। वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी चक्रधर नायक का भी शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। एडिशनल सीईओ नीलाराम पटेल ने कहा कि वे निर्बाध रूप से 2 साल 8 महीना अपने कार्यकाल को पूरा कर पदोन्नति हुए हैं जिसमें किसी भी प्रकार की शिकवा शिकायत जनपद पंचायत बरमकेला में नहीं आई। उन्होंने बरमकेला जनपद पंचायत को अपने कार्यकाल मे सबसे बेहतर माना।

### विदाई समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ नीलाराम पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बरमकेला चक्रधर नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य कैलाश शक्राजीत नायक, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष किशोर पटेल, विधायक प्रतिनिधि कन्हैयालाल सारथी, विधायक प्रतिनिधि अरुण शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ताराचन्द पटेल, सरपंच संघ अध्यक्ष ओंकार पटेल ?, अनुविभागीय अधिकारी आर ई एस जांगड़े, कार्यक्रम अधिकारी कमलेश मेहरा, जनपद पंचायत बरमकेला के सभापति पुष्पराज सिंह बरिहा, सरस्वती युवराज चौधरी, दिगम्बर नायक, जोतराम पटेल, उज्वल मिरी, समस्त जनपद सदस्य एवं जनपद के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### धरमजयगढ़ पुलिस ने किया फर्जीवाड़े का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी समेत कंप्यूटर से फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला आरोपी गिरफ्तार


# भूस्वामी के स्थान पर दूसरी महिला को खड़ी कर फर्जी तरीके से कराई जमीन की रजिस्ट्री



**रायगढ़।** दिनांक 15 जून 2023 को शिकायतकर्ता निशांत कुमार ठाकुर निवासी कुसालपुर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर थाना धरमजयगढ़ में आवेदन देकर पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ़ में भूस्वामी उर्वशी गुप्ता नाम के स्थान पर अन्य महिला को खड़ी कर गलत तरीके से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जमीन की रजिस्ट्री कराकर उन्हें आर्थिक क्षति पहुंचाये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया । थाना धरमजयगढ़ में आवेदन पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान शिकायतकर्ता निशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि उर्वशी गुप्ता निवासी सिविल लाईन रायपुर ने भूमि संबंधी के सभी प्रकार के भौतिक एवं न्यायालयीन कार्यों के निस्पादन (सामान्य अधिकार पत्र के द्वारा) नियुक्त किया है । उर्वशी गुप्ता के थाना कापू स्थित ग्राम रूवाफूल के खसरा नंबर 143/1 क का भूमि राजस्व अभिलेख दुरूस्ती हेतु धरमजयगढ़ आने पर पता चला कि दिनांक 24/04/23 को उर्वशी गुप्ता भू स्वामी की भूमि के खसरा नंबर 69/1 रकबा 0.506 एवं खसरा नंबर 76/4 रकबा 0.344 हेक्टेयर को किसी अज्ञात विक्रेता द्वारा उर्वशी गुप्ता के स्थान पर पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ में उपस्थित होकर फर्जी आधार एवं ऋण पुस्तिका कूट रचित दस्तावेज तैयार कर धर्मजयगढ़ निवासी सुनील अग्रवाल को विक्रय किया गया है । धरमजयगढ़ पुलिस क्रेता सुनील अग्रवाल से पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की गई जिसमें भूमि खरीदी बिक्री करने वाला रोहित महंत निवासी नीचे पारा धर्मजयगढ़ के अपराध में संलिप्तता पाई गई जिसे हिरासत में लेकर हिकम्मत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी रोहित महंत अपने स्वीकारयोक्ति कथन में बताया कि उसे ग्राम रूवाफूल का संतराम अगरिया द्वारा ग्राम रूवाफूल की जमीन बेचने के लिए ग्राहक तलाश करने बोला था । तब उसने संतराम अगरिया से जमीन के कागजात लेकर पटवारी को दिखाया पटवारी ने जमीन को उर्वशी गुप्ता निवासी सिविल लाइन रायपुर का होना बताया । तब मास्टरमाइंड रोहित महंत जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के लिए धरमजयगढ़ निवासी सुनील अग्रवाल से प्रति एकड़ ?1,60,000 में सौदा तय किए जिसके बाद संतराम और रोहित महंत धरमजयगढ़ के असीम मंडल के कंप्यूटर दुकान में जाकर कुट रचित तरीके से उर्वशी गुप्ता के नाम का आधार कार्ड व किसान किताब का भाग 1 तैयार कराये और रजिस्ट्रार कार्यालय में उर्वशी गुप्ता के स्थान पर रोहित महंत अपने परिवार की महिला को खड़ी कर फर्जी गवाहों के जरिये जमीन की रजिस्ट्री कराया और भूमि क्रेता सुनील अग्रवाल से ?2,85,000 लेकर आपस में बांट लिये। आरोपी रोहित महंत के बयान पश्चात आरोपी असीम मंडल के देव कंप्यूटर में जाकर दबिश दिया गया और आरोपी असीम मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ बाद अपराध में प्रयुक्त कंप्यूटर, प्रिंटर आदि की जब्ती की गई है । अपराध विवेचना दौरान धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा आरोपी (1) रोहित महंत पिता आत्माराम महंत 28वर्ष साकिन नीचेपारा धरमजयगढ़ (2) असीम मंडल पिता अरुण मंडल 27 वर्ष साकिन पतरापारा धरमजयगढ़ को आज दिनांक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । फरार आरोपी संतराम अगरिया एवं अन्य की तलाश जारी है ।

# तारबहार अंडरब्रिज पर 08 कांक्रीट बॉक्सों की हुई लांचिंग, अतिशीघ्र मिलेगी सुविधा



**बिलासपुर।** रेलवे द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास नवाचार, नेटवर्क क्षमता में विस्तार तथा अधोसंरचना विकास हेतू विभिन्न कार्य किए जा रहे है जिससे यात्री सुविधाओं के साथ साथ रेल परिचालन और भी संरक्षित एवं निर्बाध गति से परिचालित किया जाएगा। इसी क्रम में समपार फाटकों के बंद होने से जाम की स्थिति से राहगीरों को राहत दिलाने तथा उनकी बेहतर सुरक्षित एवं संरक्षित आवागमन सुविधा सुनिश्चित करने हेतु समपार फाटकों में सीमित ऊंचाई सबवे निर्माण का कार्य लगातार जारी है।

इसी कड़ी में बिलासपुर स्टेशन यार्ड में स्थित तारबहार बाईपास लाइन में अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। सुरक्षा के सभी मानकों का अनुपालन करते हुये ब्लॉक लेकर आज इस अंडरब्रिज निर्माण कार्य के मुख्य घटक पूर्व ढलित 08 कंक्रीट बॉक्सों को कट व कवर पद्धति से स्थापित करते हुये इस निर्माण कार्य को गति प्रदान किया गया है। कार्य के दौरान कार्यस्थल पर अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, वरि.मंडल अभियंता राजधारी यादव, वरि. मंडल यांत्रिक अभियंता आर रंगाराव व अन्य अधिकारियों के नेतृत्व में टावरकार, क्रेन व अन्य आधुनिक मशीनों की सहायता से कर्मठ कर्मचारियों द्वारा लगनशीलता के साथ कार्य करते हुये तय समय में इस कार्य को पूरा कर लिया गया। शेष पूर्व ढलित कंक्रीट बॉक्सों को कल स्थापित किया जाएगा। सिरगिट्टी तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों की बेहतर संरक्षा व सुरक्षा के साथ सड़क आवागमन सुविधा के लिए बनाए जा रहे इस अंडरब्रिज का निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इस अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात स्थानीय लोगों की सुविधा बढ़ेगी तथा सड़क मार्ग से यातायात सुचारू रूप से परिचालित किया जाएगा। इसके बनने से गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तीव्रता आयेगी तथा क्षमता मे विस्तार होने से यात्री सुविधाओं के लिए उन्नत एवं बेहतर कार्य भी किया जा सकेगा।

### गुरू पूर्णिमा के पुनीत पर्व पर

## गुरुदेव तुम्हारे चरणों में हम सादर शीश झुकाते हैं

### गुरु वंदना

गुरुदेव तुम्हारे चरणों में हम सादर शीश झुकाते हैं।
हम ज्ञान की अभिलाषा लेकर नित द्वार तुम्हारे आते हैं।।
ब्रह्मा हो तुम हो विष्णु तुम्ही, औघड़दानी तुम हो महेश।
साक्षात् तुम्ही हो पर ब्रह्म, यह वेदमंत्र बतलाते हैं।।
गुरुदेव तुम्हारे चरणों में हम सादर शीश झुकाते हैं।।
इस अंधकार मय जीवन में, शुभ ज्ञान के दीप जलादो तुम।
कर दो भविष्य उज्जवल गुरुवर, मन्नत हम यही मनाते हैं।।
गुरुदेव तुम्हारे चरणों में हम सादर शीश झुकाते हैं।।
भगवान हो जीवित तुम जग में, तुम तारनहार हमारे हो।
जो शरण तुम्हारी आते हैं, ज्ञानी- ध्यानी बन जाते हैं।।
गुरुदेव तुम्हारे चरणों में हम सादर शीश झुकाते हैं।।
शुभ गुरू पूर्णिमा पर्व आज, सब लोग मनाते श्रद्धा से।
गुरुदेव की महिमा गान 'वेद' अनुराग सहित नित गाते हैं।।
गुरुदेव तुम्हारे चरणों में हम सादर शीश झुकाते हैं।।



**वेदमणि सिंह ठाकुर 'बेदम'**
**दरोगापारा, रायगढ़ (छ.ग.)**
**मो. नं. 93004 14099**

---

## संस्कार के वृक्ष

संस्कार के वृक्ष लगाएं
जीवन खुशियों से महकेगा
वृक्ष हों घना संस्कार का
जीवन आनंद से भर जायेगा
प्रेम सद्भावना से सिंचित
नवांकुर पोषित हो रहे
संस्कार उनके जीवन में भरा
चहुं ओर हरियाली लायेगा
संस्कार के वृक्ष एक दिन
जब गुलिस्तां में लहरायेगी
मन मयूर बन सबके दिलों में
स्नेह की बारिश कर जायेगी
बंजर भूमि में जब कोई
संस्कार के बीज रोपित करें
खुशियों की बेल फैल जायेगी
ऊसर भूमि उपजाऊ बनकर
संस्कार की फ़सल लहरायेगी



**डॉ. मनीषा त्रिपाठी**
**प्रधान पाठक**
**शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

# आश्रम शाला मचिदा के प्रधान पाठक गुरुचरण गुप्त व भगतराम पाईक हुए सेवानिवृत्त

### शिक्षा विभाग एवं ग्रामवासियों ने दी भावभीनी विदाई





**रायगढ़।** अपने 37 साल की शिक्षकीय सेवा देने के बाद अधिवार्षिकी सेवा पूर्णता उपरांत गत 30 जून को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। श्री गुरुचरण गुप्त शासकीय माध्यमिक आश्रम शाला मचिदा में प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्ति ली। गत 1 जुलाई को शाला परिसर मचिदा में ग्रामवासियों व संयुक्त संकुल केंद्र पुसौर एवं कन्या पुसौर के शैक्षणिक स्टाफ द्वारा गुरुचरण गुप्त एवं प्राथमिक शाला मचिदा के प्रधान पाठक भगतराम पाईक को भी उनकी अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर विदाई दी गई।

पुसौर विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल एवम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के प्राचार्या संकुल प्रभारी अमरबेली केरकेट्टा द्वारा शाल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल ने द्वय शिक्षकों को उनके उज्ज्वल भविष्य व दीर्घायु रहने की शुभकामनाएं देते हुए आगामी 6 महीने इस विद्यालय को सहयोग करते रहने की निवेदन किया। उन्होंने कहा शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता वह समाज मे रहकर विद्यादान कर सकता है। जरूरत है लोगों को उनसे उनके अनुभव व गुणों को आत्मसात करने की। श्री पटेल ने सभी शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों की अपनी जो भी समस्याएं हैं वे मुझे अवगत कराएं, मैं हर सम्भव समाधान करने का प्रयास करूंगा। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्री गुरुचरण गुप्त के शिक्षा के प्रति अवदानों को इस मंच से रेखांकित किया गया।

### विदाई समारोह में ये हुए शामिल

उनके अधिवार्षिकी विदाई समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक पद्मन सिंह पटेल, धनुरजय चौधरी, रात्थूलाल संजय,फणींद्र प्रधान, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सुदर्शन सिदार,माणिक चंद्र स्वर्णकार, प्रधानपाठक विजय पटेल विकासखण्ड तमनार, गुरुचरण गुप्त के गुरु सेवानिवृत्त शिक्षक भ्रमर प्रसाद भोय महापल्ली, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक हरिहर मिश्र ,एन बी नायक दशरथ गुप्ता महापल्ली के अलावे पंकज विश्वाल संकुल समन्वयक पुसौर, शांतनु पंडा संकुल समन्वयक कन्या स्कूल पुसौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे । ग्राम पंचायत मचिदा के उप सरपंच सानंद प्रधान व अनुसइया भोय अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मचिदा द्वारा दोनों कर्तव्यनिष्ठ प्रधानपाठकों की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई।









## अभिव्यक्ति

### हास्य-व्यंग्य: बाजार से टमाटर खरीदने के खतरे

पिछले कई दिनों से मैं गांव में था। गर्मी की छुट्टियों में आम और जामुन के मजे ले रहा था। इस दौरान देश-दुनिया से बेखबर-सा रहा। दो दिन पहले ही राजधानी लौटा। आते ही श्रीमती जी ने घर-गृहस्थी हमारे हाथ में दे दी। थैला थमाकर बोलीं, 'जाओ पहले बाजार से सब्जी ले आओ। किचन में कुछ बचा नहीं है।' मैंने बचने की असफल कोशिश की, 'लेकिन सब्जी तो घर बैठे आनलाइन भी मंगाई जा सकती है।' 'हां, पर सब्जी देखकर लानी है। इस मौसम में सड़ी-गली सब्जी ज्यादा आती है। तुम्हारे गांव से लौटने का मैं इंतजार ही कर रही थी।' श्रीमती जी के कठिन संकल्प के आगे मैंने समर्पण कर दिया। घर के बाहर मेरा कितना भी खास रुतबा हो, पर घर में विशुद्ध रूप से आम आदमी हूं। इसलिए चुपचाप झोला उठाकर चल दिया। खरीदारी करने का अपना एक उसूल है। मैं ज्यादा 'लोड' नहीं लेता। रुपये के बजाय किलो में खरीदता हूं। हां, जब श्रीमती जी के साथ होता हूं तब अपने उसूल ताक पर रख देता हूं। दुकानदार से भाव-ताव वही कर लेती हैं। फिर घर आकर जोड़ती हैं कि उन्होंने आज कितने रुपये की बचत की। मोल-तोल करने की मेरी आदत कभी रही नहीं। जिसे मैं अपनी उदारता समझता हूं, श्रीमती जी उसे बेवकूफी कहती हैं। बहरहाल मैं तपती गर्मी में सब्जी-मंडी तक सुरक्षित पहुंच गया। मैंने खरीदारी में दस मिनट लगाए होंगे। दो किलो आलू, आधा किलो भिंडी, पाव भर अदरक और दो किलो लाल टमाटर झोले में डलवा लिए। मोलभाव किए बिना सब्जीवाले से पैसे पूछकर भुगतान कर दिया। उसने भी हमारी उदारता का उधार नहीं रखा। थोड़ी-सी धनिया और हरी मिर्च मेरे झोले में छिड़क दी। मैंने उसे शुक्रिया कहा और झोला लेकर घर की ओर चल पड़ा। अभी कुछ ही दूर चला था। मुझे लगा कि कुछ लोग मेरा पीछा कर रहे हैं। वे कुल तीन थे। मुझे गले में पड़ी अपनी चेन की चिंता होने लगी। मैंने अपनी चाल बढ़ाई पर पीछा करने वाले मुझसे तेज निकले। पल भर में तीनों बिल्कुल मेरे सामने थे। मैंने एक हाथ से अपना गला पकड़ा और दूसरे से झोला। वे मुझे छोड़कर झोले की ओर बढ़े। मैंने बचने का प्रयास किया। इस क्रम में झोला एक तरफ गिरा और मैं दूसरी तरफ। इसके बाद मैं अचेत हो गया। जब मुझे होश आया, सबसे पहले मेरा हाथ चेन पर गया। सुरक्षित पाकर राहत की सांस ली। तभी पास खड़े पड़ोसी पांडेय जी दिखे। बड़े चिंतित लग रहे थे। मैंने उन्हें इशारे से बताया कि सब ठीक है। वह बोल पड़े, 'आपको अंदाजा भी नहीं है कि आप बुरी तरह लुट चुके हैं। आपके झोले से टमाटर गायब हैं। यह तो अच्छा हुआ कि मैं आ गया। मैंने अचरज से उन्हें देखा। ये कैसी बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं? टमाटरों के लुटने से मैं बर्बाद कैसे हो गया! यह सोच ही रहा था कि पुलिस पहुंच गई। उसकी गिरफ्त में दो आदमी थे। तीसरा टमाटरों के साथ फरार था। पुलिस ने एक लुटेरे से पूछा, 'तूने ऐसा दुस्साहस क्यों किया?' उसने बेखौफ उत्तर दिया, 'साहब, दुस्साहस हमने नहीं इन्होंने किया है। बाजार से दो किलो टमाटर खरीदते हम लोगों ने इन्हें देख लिया था। जिस वक्त टमाटर की ओर निहारना तक हराम है, यह आदमी उन्हें रसोई में ले जाने की हिमाकत कर रहा था। आप हमें नहीं इन्हें गिरफ्तार करें।' अभी भी मैं पूरा माजरा समझ नहीं पाया था। मैंने पांडेय जी की ओर सवालिया निगाहों से देखा तो वह फट पड़े, 'अव्वल तो आपको गांव से आने की क्या जल्दी थी? आ ही गए थे तो बाजार क्यों गए थे? और अगर गए भी थे तो टमाटर क्यों लाए? तुम्हें पता भी है इसका भाव?' मैंने गर्दन हिलाकर मना किया। फिर विनम्र होते हुए बोले, 'भई टमाटर इस समय सेंचुरी मार चुका है और अभी भी नाट-आउट है। आप जैसों की फिल्डिंग ऐसी ही रही तो कई रिकार्ड टूटेंगे। सरकार तक खतरे में पड़ सकती है।' 'वह कैसे भला?' मैंने मासूमियत का चोला ओढ़ लिया। 'टमाटर खाते हो, पर इसके साइड इफेक्ट नहीं पता। कुछ साल पहले प्याज ने सरकार बदल दी थी। ये तो टमाटर हैं। इनका दुष्प्रभाव और अधिक हो सकता है। ये चाहें तो पल भर में जमे-जमाए कवि को मंच में ही बिखेर दें। नेताओं की सफेदी लाल कर दें।' पांडेय जी एक सांस में बोल गए। अब मुझे अपनी भूल का अहसास हुआ। मेरे एक गलत फैसले से मेरी जान पर बन आई थी। सरकार तक गिर सकती थी। तभी श्रीमती जी का फोन आ गया, 'अजी कहां रह गए? बच्चे बड़ी देर से चटनी खाने का इंतजार कर रहे हैं!' मैं फिर से बेहोश हो गया।

# ईश्वर की मानिंद श्रद्धेय हैं हमारे सभी चिकित्सक: पुरुषोत्तम

## संजीवनी नर्सिंग होम ने किया डॉक्टरों व सीए का सम्मान

**रायगढ़।** चिकित्सा सेवा जगत के क्षेत्र में अपनी चिकित्सकीय सेवा कार्य से पूरे जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका संजीवनी नर्सिंग होम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वहीं विगत 19 वर्षों से संजीवनी नर्सिंग होम में डॉयरेक्टर व सुप्रसिद्ध समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन में हर वर्ष एक जुलाई को डॉक्टर्स डे व सीए डे के पावन अवसर पर चिकित्सकों का सम्मान किया जाता है। इस परंपरा का निर्वहन करते हुए विगत एक जुलाई को संजीवनी नर्सिंग होम और शहर की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर के सदस्यों ने डॉक्टर्स डे व सीए सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया। वहीं इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सकों का सम्मान संजीवनी नर्सिंग होम में व सम्मानीय सीए सदस्यों का सम्मान उनके कार्यालय में जाकर किया गया। वहीं यह कार्यक्रम सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक चलता रहा।

शहर में रोटरी क्लब के संस्थापक व सुप्रसिद्ध समाजसेवी बेहद मृदुभाषी पुरुषोत्तम अग्रवाल ने डॉक्टर्स डे के पावन अवसर पर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि इस जगत के सभी चिकित्सकों की पवित्र सेवा से ही हर व्यक्ति को जीवन के कठिन क्षण में एक नयी जिंदगी देते हैं। इसलिए इनका योगदान अतुलनीय है साथ ही ईश्वर की मानिंद हम सभी लोगों के लिए सदैव श्रद्धेय के पात्र भी हैं।








### इन चिकित्सकों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर्स डे के पुनीत अवसर पर गणमान्य लोगों की विशेष उपस्थिति में संजीवनी नर्सिंग होम के परिसर में डॉ. केएन पटेल, डॉ. अनिल तिर्की, डॉ. मालती कुमारी, डॉ. अमित आशीष तिर्की, डॉ. प्रवीण कुमार जांगड़े, डॉ. पीके गुप्ता, डॉ. जेके नायक, डॉ. प्रकाश मिश्रा, डॉ. मनोज गोयल, डॉ. प्रकाश चेतवानी, डॉ. यूएस गुप्ता, डॉ. आशुतोष अग्रवाल, डॉ. संगीता पांडेय, डॉ. शलभ अग्रवाल, डॉ. धनंजय कुमार पटेल, डॉ. राहुल अग्रवाल, डॉ. राघव अग्रवाल, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ ए एम गुप्ता, डॉ. मनजीत सिंह टूटेजा, डॉ. गणेश पटेल, डॉ. राजू अग्रवाल, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. दिनेश पटेल आर्थो, डॉ. अजीत पटेल, डॉ. उपेंद्र पटेल, डॉ. शिव नायक, डॉ. भरत शुंभ, डॉ. आरके अग्रवाल नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ. अरुण केडिया, डॉ. आलोक केडिया, डॉ. प्रशांत अग्रवाल आर्थो, डॉ. प्रशांत अग्रवाल एमडी, डॉ. ताराचंद पटेल, डॉ. राजकृष्ण शर्मा, डॉ. संजीव गोयल, डॉ. मनीष बेरीवाल, डॉ. मुकुंद अग्रवाल का आत्मीय सम्मान पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

### पांच सीए का किया गया सम्मान

कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में सीए सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर की अभिनव पहल से क्लब के नवीन अध्यक्ष बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी विकास अग्रवाल पुष्पक के विशेष मार्गदर्शन में क्लब के सभी सदस्यों ने शहर के सम्मानीय सीए विशाल सारस्वत, सीए रवि अग्रवाल, सीए विनोद खजांची, सीए विकास अग्रवाल, सीए संजय सोनी का उनके कार्यालय में जाकर पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय सम्मान किया गया ।

### इनका रहा योगदान

डॉक्टर्स डे व सीए डे के भव्य आयोजन को सफल बनाने में संजीवनी नर्सिंग होम के डायरेक्टर व समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल व संजीवनी नर्सिंग होम के सभी स्टॉफ सदस्यगण व रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर के नवीन अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सुबोध खीरवाल, नयन अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, दीपक डोरा, विनोद अग्रवाल, मनीष जायसवाल, संजय अग्रवाल, नीरज गुप्ता एवं सभी क्लब सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# समान नागरिक संहिता का सही समय, देश के सभी नागरिकों के लिए कानून भी हों एक जैसे

स्वतंत्रता के बाद जब समान नागरिक संहिता को लेकर संविधान सभा में चर्चा हुई तो उस पर सहमति नहीं बन पाई, लेकिन उसकी आवश्यकता महसूस की गई और इसीलिए संविधान के नीति निदेशक तत्वों में यह लिखा गया कि सरकार देश के सभी लोगों के लिए समान नागरिक संहिता का निर्माण करेगी। संविधान लागू होने के कुछ ही समय बाद कई हिंदू संगठनों के विरोध के बाद भी हिंदू कोड़ बिल ले आया गया और उसे पारित भी करा लिया गया। इसके जरिये हिंदुओं में बहुविवाह जैसी प्रथाओं को निषेध किया गया और हिंदू महिलाओं को तलाक का अधिकार देने के साथ उन्हें संपत्ति में भी हक दिया गया। माना जा रहा था कि हिंदू कोड़ बिल लाने के बाद समान नागरिक संहिता बनाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। संकीर्ण राजनीतिक कारणों और वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण इस विषय को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

हालांकि समय-समय पर उच्च न्यायालयों के साथ सर्वोच्च न्यायालय समान नागरिक संहिता की आवश्यकता जताता रहा, लेकिन किसी भी सरकार ने इस दिशा में ठोस पहल नहीं की। ऐसा तब हुआ, जब महिला अधिकारों की अनदेखी के मामले सामने आने पर समान नागरिक संहिता का विषय सतह पर आता रहा। ऐसा ही एक मामला शाहबानो का था। तलाक का शिकार मध्य प्रदेश की महिला शाहबानो ने जब भरण पोषण के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया तो उसने 20 रुपये प्रति माह गुजारा भत्ता देने के आदेश दिए।

शाहबानो के वकील पति अहमद खान, जो अच्छा-खासा कमाते थे, ने फैसले को चुनौती दी, लेकिन हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा और गुजारा भत्ता की राशि भी बढ़ा दी। मामला सुप्रीम कोर्ट आया। यहां भी शाहबानो के पक्ष में फैसला हुआ। तब सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि अनुच्छेद 44 मृतपाय होकर रह गया है। ज्ञात हो कि इसी अनुच्छेद में समान नागरिक संहिता का निर्माण करने की बात कही गई है। तब सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के पति का पक्ष लेने मुस्लिम पर्सनल बोर्ड की कड़ी आलोचना की थी और एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा था कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं किस तरह दयनीय दशा में रह रही हैं।

शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला मुस्लिम संगठनों को रास नहीं आया। उन्होंने राजीव गांधी सरकार पर इस फैसले को पलटने का दबाव बनाया। प्रबल बहुमत के बाद भी राजीव गांधी सरकार कट्टरपंथी तत्वों के दबाव में आ गई और उसने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। इसके चलते मुस्लिम महिलाओं की अनदेखी का सिलसिला कायम रहा। जब राजीव गांधी सरकार को समान नागरिक संहिता की ओर कदम बढ़ाने चाहिए थे, तब उन्होंने संविधान की भावना के खिलाफ काम करते हुए कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के सामने हथियार डाल दिए। उच?चतम न?यायालय कई बार यह कह चुका है कि समान नागरिक संहिता बनाना उसका नहीं, विधायिका का काम है, लेकिन किसी सरकार ने इस बारे में नहीं सोचा। इसका एक कारण रहा मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति।




2014 में मोदी सरकार के आने के बाद से लगातार समान आचार संहिता पर चर्चा हो रही है। इसलिए और भी, क्योंकि राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 के खात्मे के साथ समान आचार संहिता उसके मूल मुद्दों में शामिल है। 2018 में 21वें विधि आयोग ने एक परामर्श पत्र जारी कर समान नागरिक संहिता की पैरवी तो नहीं की, लेकिन पारिवारिक कानूनों में सुधार की आवश्यकता जताई। इसका मतलब था कि शादी, तलाक, भरणङ्कपोषण, उत?तराधिकार एवं गोद लेने संबंधी कानूनों में सुधार किए जाएं। 22 वें विधि आयोग ने जबसे समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे हैं, तबसे यह चर्चा चल पड़ी कि मोदी सरकार समान नागरिक संहिता बनाएगी। इस चर्चा को तब बल मिला, जब भोपाल में प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की जोरदार पक्षधरता की। इसके बाद से राजनीतिक दल इस पर अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।

माना जा रहा है कि बेंगलुरु में विपक्षी दलों की जो बैठक होनी है, उसमें समान नागरिक संहिता पर भी चर्चा होगी। आम आदमी पार्टी ने समान नागरिक संहिता को सैद्धांतिक समर्थन देकर विपक्षी दलों के सामने एक मुसीबत खड़ी कर दी है। विपक्षी दल जो भी कहें, उन्होंने अपने रवैये से अपने लिए परेशानी खड़ी कर ली है, क्योंकि वर्तमान में कोई प्रगतिशील देश अपने नागरिकों के लिए अलग-अलग निजी कानूनों की पैरवी नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री की ओर से समान नागरिक संहिता की पैरवी किए जाने के पहले उत्तराखंड, गुजरात आदि भाजपा शासित प्रदेश इस तरह की संहिता के निर्माण की कोशिश कर रहे हैं। ध्यान रहे कि गोवा में समान नागरिक संहिता पहले से ही लागू है। यह ठीक नहीं कि हर राज्य अपनी अलग समान नागरिक संहिता बनाए। यह केंद्रीय स्तर पर ही बननी चाहिए।

देश के सभी नागरिक बराबर हैं तो फिर उनके लिए शादी, तलाक, उत्तराधिकार आदि के कानून भी एक जैसे होने चाहिए। ऐसा होने से राष्ट्रीय एकता को बल मिलेगा, सभी नागरिकों में बराबरी का भाव पैदा होगा और महिलाओं के हितों की अनदेखी का सिलसिला थमेगा। अनेक मुस्लिम संगठन और विशेष रूप से मुस्लिम पर्सनल ला समान नागरिक संहिता के पक्ष में नहीं। वह अपने समाज को सदियों पुरानी शरिया के हिसाब से चलाना चाहता है। आज के युग में सदियों पुराने पारिवारिक कानूनों के लिए कोई जगह नहीं।

जहां यह अच्छी बात है कि कुछ मुस्लिम संगठन समान नागरिक संहिता पर सकारात्मक रुख दिखा रहे हैं, वहीं यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुस्लिम वोटों के कारण अनेक विपक्षी दल इस संहिता का विरोध कर रहे हैं या फिर ऐसे कुतर्क दे रहे हैं कि आखिर अभी इसकी बात क्यों की जा रही है? समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले इससे अपरिचित नहीं कि कई वर्गों और विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है, लेकिन वे वोट बैंक के लालच में एक जरूरी सुधार से मुंह मोड़ रहे हैं। उनके पास ऐसे सवालों का कोई जवाब नहीं क्या आज के आधुनिक युग में बहुविवाह जारी रहना चाहिए या फिर क्या बेटे-बेटियों को संपत्ति में बराबर का अधिकार नहीं मिलना चाहिए? विपक्षी दलों को यह आभास हो तो अच्छा कि वे समान नागरिक संहिता का विरोध करके अपना राजनीतिक नुकसान तो करेंगे ही, समाज सुधार में भी बाधक साबित होंगे।

## समान नागरिक संहिता: एक नया चुनावी जुमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, अपने भाषण के दौरान देश में यूनिफार्म सिविल कोड को लेकर एक नयी बहस छेड़ दी। उन्होंने कहा कि %एक ही घर में दो कानून कैसे हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट भी बार-बार कह चुका है कि ष्टष्ट लाओ, लेकिन विपक्षी दल वोट बैंक के लिए इसका विरोध कर रहे हैं। ष्टष्ट का जिक्र संविधान में भी किया गया है। प्रधानमंत्री का ये बयान अचानक नहीं आया, समान नागरिक संहिता की चर्चा तभी सार्थक होगी जब इसे आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले सत्ता पक्ष कि रणनीति मानकर देखा जाए। सरकार द्वारा, समान नागरिक संहिता को लागू करने कि जिम्मेदारी, संविधान कि धारा 44 द्वारा तय कि गई हैं, पर प्रधानमंत्री का समान नागरिक संहिता पर राजनैतिक भाषण, इस चर्चा को राजनैतिक बना देता है। इसके साथ समान नागरिक संहिता पर भाजपा नेताओ के बयान और लेख भी गौर करने लायक है, जहां वो एक तरफ संविधान का जिक्र करते है, वही दूसरी तरफ विपक्ष के प्रवक्ता बनकर समान नागरिक संहिता के खिलाफ भी अपने विचार रखते है। मोदी सरकार ने पिछले साल सुप्रीम कोर्ट को बताया कि, संविधान में ष्टष्ट बनाना सरकार के कर्तव्य में शामिल है और अलग अलग धर्मों , पंथों के लोगों के लिए जमीन और शादी से जुड़े अलग-अलग कानून होने से देश की अखंडता का अपमान है। इसका मतलब ये हुआ कि देश को खतरा है? ष्टष्ट आने से भारत की अखंडता को कोई खतरा नहीं होगा? चीन भारत की जमीन पर कब्जा नहीं कर पाएगा? पाकिस्तान भारत पर हमले करना बंद कर देगा? क्या बेटियां-महिला सुरक्षित हो जाएंगी ? समान नागरिक संहिता पर सैद्धांतिक तौर पर किसी भी भारतीय का,राजनैतिक दल का विरोध बिल्कुल भी नहीं है। संविधान में मानने वाले हर भारतीय को समान नागरिक संहिता मंजूर है, पर जिन कारणों से आजादी के दशकों बाद तक, समान नागरिक संहिता लागू नहीं हो पाई है,उन्हें अचानक से दरकिनार नहीं किया जा सकता। मसलन 2018 मे विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता पर अपने विचार रखते हुए कहा था कि %इस स्तर पर न तो आवश्यक है और न ही वांछनीय।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन उम्दा बना रहेगा, जीवनसाथी के साथ ज्यदा समय बीतेगा। स्टूडेंट्स की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। ऑफिस के कार्यों के प्रति आज आपको सचेत रहना चाहिए। आज कुछ अच्छे मौके आपके हाथ लगेंगे। आज किसी से बिना सोचे-समझे बोलने से आपको बचना चाहिए। आपको अपने खर्चो पर भी कुछ कंट्रोल करना चाहिए। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का सहयोग मिलता रहेगा।

**वृष :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कोई ऐसा काम आपके पास आएगा, जिससे आपको धन लाभ होगा। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और बेहतर हो जायेगी। आपके रूके हुए काम किसी रिश्तेदार की मदद से जल्द पूरे हो जायेंगें। कुछ लोग आपसे दोस्ती के लिए हाथ आगे बढ़ायेंगे। जीवनसाथी आपकी कोई इच्छा पूरी करेंगे, जिससे आपको बहुत खुशी महसूस होगी। आपके आसपास के कुछ लोग आपसे मदद मांगेंगे। घर-परिवार का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा।

**मिथुन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा। घर में बच्चों की बर्थडे पार्टी का आयोजन करेंगे, जिससे घर पर मेहमानों का आन जाना लगा रहेगा। काम के प्रति आपकी मेहनत रंग लायेगी। आपको एक्स्ट्रा इनकम के नए मौके मिलेंगे। दोस्तों से मन की बात शेयर करेंगे, इससे परेशानी का हल निकलेगा।पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**कर्क :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा लाभदायक साबित होगी। आज आपका व्यवहार दूसरों को प्रभावित करेगा। आज हर तरह के मामलों में आप शांत मन से विचार करेंगे। भविष्य में होने वाले किसी काम की तैयारी आज से ही शुरू कर देंगे। अपनों का साथ मिलने से आज आप खुश रहेंगे। आज आपको जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा। किसी रिश्तेदार से आर्थिक सहायता भी मिलेगी। आज सहकर्मी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने से आपको फायदा होगा। किसी अनुभवी की मदद से आपको धन लाभ की प्राप्ति होगी। पहले किए गये कामों से आपको लाभ होगा। साथ ही आपको संतान सुख की प्राप्ति भी होगी। दिन आपके फेवर में होने के कारण आप खुश रहेंगे। छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा धयान देने की जरूरत है। दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ आएंगी। लवमेट्स एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे।

**कन्या :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई काम पूरा होने में थोड़ी अड़चन आएगी, लेकिन समय रहते ही कार्य को पूरा कर लेंगे। किसी अनुभवी की मदद आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। समाज के लोग आपके पक्ष में रहेंगे। दोस्तों का भी आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति आपको थोड़ा जागरूक रहने की जरूरत है। साथ ही किसी भी तरह के पारिवारिक विवाद से आपको बचना चाहिए। अगर आप पार्टनरशिप में कोई कार्य कर रहे हैं, तो आपको धैर्य बनाये रखना चाहिए। आपकी मेहनत रंग लायेगी।

**तुला :** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी सहकर्मी से जरूरी काम पर रोचक चर्चा होगी। दूसरों की राय आज आपके लिए कारगर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। कारोबार को बढ़ाने के लिए आपको कुछ खास लोगों से मदद मिलेगी। बड़े भाई-बहन से कोई अच्छा सा गिफ्ट भी मिलेगा। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपको अचानक धन लाभ के मौके भी मिलेंगे। पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों के साथ घर पर समय बिताएंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। इसके अलावा ऑफिस में सहयोगी आपके काम से काफी प्रभावित होंगे। कुछ लोग आपसे काम सीखने की चाह रखेंगे। आज आपको अपने सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। आज आप आपने आप को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। परिवार में आपको सबका सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष की किसी सफलता से आप बहुत खुश रहेंगे। आपकी सभी समस्याओं का निवारण होगा।

**धनु :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के नौकरी करने वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज ऑफिस में काम ज्यादा होने की वजह से घर देर से पहुंचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होगा। किसी दोस्त की समस्या सुलझाने में आप खुद भी उलझ सकते हैं। कार्यों की अधिकता के कारण आपको थकावट महसूस होगी। इसका असर आपकी दिनचर्या पर भी पड़ेगा। परिवार में आर्थिक रूप से आपकी कुछ जिम्मेदारियां बढेंगी। आपकी सभी समस्याएं सुलझ जायेंगी और आपका दिन बेहतर रहेगा।

**मकर :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश रहेंगे। ऑफिस में किसी टीम मेंबर के साथ नये प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिलेगी। आज किसी काम को लेकर आपका नजरिया दूसरों से अलग रहेगा। जीवनसाथी के साथ बात करने से गलतफहमी दूर होंगी। इसके अलावा आज दूसरों की बातों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आपको किस्मत का सहयोग मिलेगा । लवमेट्स से आज उपहार मिलेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धन लाभ के नये रास्ते खुले नजर आएंगे। ऑफिस में आज कोई ऐसा काम आपको मिलेगा, जिसके लिए आप बहुत दिनों से उत्सुक थे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन यादगार रहने वाला है। आज आप जीवनसाथी के साथ फ्यूचर के बारे में बात करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी काम के सिलसिले में यात्रा पर जायेंगे। दोस्तो के साथ आपके रिश्तें मजबूत होंगे।

**मीन :** आज आर्थिक रूप से आपकी प्रगति होना तय है। जीवन में धन लाभ के नये अवसर आयेंगे। रुके हुये काम पूरे होने पर आपको खुशी का अनुभव होगा।सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।घर पर अचानक कुछ रिश्तेदार आयेंगे। बड़े-बुजुर्गो के आशीर्वाद से जीवन में शांति और सद्भाव बना रहेगा। आपके दाम्पत्य जीवन में नई खुशियों का संचार होगा।सरकारी क्षेत्र में अगर आप अपना करियर बनाने के लिये कदम बढ़ायेंगे, तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

C M Y K

दैनिक क्रांतिकारी संकेत

जांजगीर-चांपा

आपका अपना अखबार

रायगढ़, सोमवार 03 जुलाई 2023



# ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले में 76 बालक-बालिकाओं को किया गया बरामद

**क्रांतिकारी संवाददाता /जांजगीर-चांपा।** आपरेशन मुस्कान के तहत 1जून से 30जून 2023 तक कुल 76 गुम बालक/बालिकाओं को जिला पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। जिले में कुल गुम बालक 06 एवं बालिका 70 को उनके परिजनों को सौपा गया। थाना /चौकी स्तर पर विशेष टीम गठित कर गुम बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु दीगर राज्य एवं छत्तीसगढ के अन्य जिलो में पुलिस बल भेजा गया था।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार गुम इंसानों की दस्तयाबी हेतु 01 जून 30 जून तक (एक माह) जिले में आपरेशन मुस्कान चलाया गया। जिसके परिपालन में जिला स्तर पर लंबित धारा 363 भादवि के गुम बालक/ बालिका की दस्तयाबी हेतु थाना/चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया था।

गठीत टीम के द्वारा थाना नवागढ़ में 08 बालिका एवं 01 बालक, थाना बलौदा में 05 बालिका, थाना अकलतरा 14 बालिका, थाना बम्हनीडीह में 01 बालक एवं 03 बालिका,थाना मुलमुला में 06 बालिका, थाना बिर्रा में 02 बालिका,थाना पामगढ़ में 08 बालिका, थाना शिवरीनारायण 14 बालिका, थाना जांजगीर में 02 बालक एवं 05 बालिका, थाना सारागांव में 02 बालिका, थाना चाम्पा में 02 बालक एवं 03 बालिका इस प्रकार विशेष अभियान के तहत् बालक 06 एवं बालिका 70 कुल 76 गुम बालक/ बालिका का दस्तयाब किया गया। गुम बालक/बालिकाओं को दीगर प्रांत जम्मू से 06. मध्य प्रदेश से 02. राजस्थान से 01. तेलंगाना से 09. हरियाणा से 01. दिल्ली से 01, कर्नाटक से 01, महाराष्ट्र से 02, उत्तर प्रदेश से 06, पंजाब से 03 एवं छत्तीसगढ जिले से 44 बालक/बालिकाओं को बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार गुम बालक/बालिकाओं का पातासाजी/दस्तयाबी हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है।





# कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जैजैपुर के संयोजक बनाए गए बीएस बनाफर

**क्रांतिकारी संवाददाता /जांजगीर-चांपा।** जैजैपुर/ छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सक्ती की बैठक 29 जून 23 को स्थान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती परिसर में आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष बी एल खरे ने किया जिला संयोजक राधे लाल भारद्वाज ने 7 जुलाई 23 को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर धरना रैली प्रदर्शन किए जाने के संबंध में उपस्थित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को बताया इस अवसर पर तहसील जैजैपुर के संयोजक पद हेतु रिक्त होने की जानकारी से सभी को अवगत कराया तत्पश्चात उपस्थित सभी के आम सहमति से छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीतापड़रिया बी एस बनाफर को तहसील संयोजक पद पर मनोनीत किया गया जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने मनोनीत तहसील संयोजक जैजैपुर बी एस बनाफर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की शुरू से ही ट्रेड यूनियन एवं कर्मचारी संगठनों के प्रति जुनूनी तौर पर विचार रखते हुए शिक्षक एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करते रहे हैं संरक्षक रमेश तिवारी, विजय बहादुर सिंह,खगेश कुमार पटेल,भोलाशंकर तिवारी सक्ती तहसील संयोजक राधेश्याम साहू मालखरोदा तहसील संयोजक विकास चौबे डभरा तहसील संयोजक यशवंत पटेल डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वाईआर एस मंडलेकर राजस्व निरीक्षक संघ जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार बंजारे सहायक शिक्षक फेडरेशन जिलाध्यक्ष भोलाशंकर साहू टी एस सिदार अमित कुमार त्रिपाठी कैलाश कुर्रे स्वास्थ संयोजक संभागीय अध्यक्ष गजेंद्र भोसले रोशन कुमार पटेल नरोत्तम दास महंत कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश देवांगन किशन उरांव नरेंद्र वैष्णव शिक्षक फेडरेशन जिलाध्यक्ष टीकाराम सारथी विजय नारायण पटेल उमेश्वर पटेल श्याम लाल यादव नीलकंठ साहू शैलकुमार पांडे गौरीशंकर श्रीवास खेलन खूंटे इंद्रकुमार पटेल नरेंद्र कुमार लहरें लखेश्वर हीरानंद साहू सुरेंद्र कुमार बंजारे श्रीमती संयोगिता रात्रि रामगोपाल थवाईत उसतराम विकास खंड शिक्षा अधिकारी त्रिभुवन सिंह जगत सत्यनारायण राठौर आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारियों ने बीएस बनाफर को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किये



# मुलमुला के छत्तीसगढ़िया ढाबा पहुंचे शाकम्भरी बोर्ड अध्यक्ष रामकुमार पटेल

## रीपा से बनाए गए छत्तीसगढ़िया ढाबा में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आनंद उठा रहे हैं लोग

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) के माध्यम से मुलमुला गौठान में बनाए गए छत्तीसगढ़ी ढाबा में ढाबे की बढ़ती लोकप्रियता के साथ ही लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। इस ढाबा में आसपास के क्षेत्र के अलावा यहां से गुजरने वाले बिलासपुर से पामगढ़ के राहगीर भी छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ भोजन का भी आनंद ले रहे हैं। रविवार को शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष श्री रामकुमार पटेल ने पामगढ़ विधानसभा पत्रकारों के साथ ढाबा में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया।

तत्पश्चात पामगढ़ विधानसभा के पामगढ़, शिवरीनारायण और मुलमुला के पत्रकार साथियो के साथ ढाबा में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिये। उन्होंने बताया कि खाने-पीने के सामान के साथ ही ढाबा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति को परिलक्षित करती हुई कलाकृतियां बरबस ही मनमोह ले रही हैं। इस ढाबे में दूसरे शहरों एवं पामगढ़ से बिलासपुर मार्ग पर गुजरने वाले लोग भी पहुंचकर खाने का स्वाद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप रीपा के माध्यम से जिले का पहला ढाबा पामगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत मुलमुला में संचालित किया जा रहा है साथ ही गौठान एवं रीपा के माध्यम से ग्रामीण, युवा, महिलाओं को गांव में ही स्वावलंबी बनाते हुए स्वरोजगार प्रदाय किया जा रहा है।

श्री पटेल ने बताया कि जिले में रीपा से जुड़कर युवा, ग्रामीण, महिलाएं उद्यमी बन रहे हैं। मुलमुला गौठान में बनाए गए रीपा के माध्यम से भी समिति जुड़ी है, यह ढाबा बिलासपुर से पामगढ़ रोड नेशनल हाइवे रेमण्ड मोड़ पर छत्तीसगढ़िया ढाबा के नाम से संचालित किया जा रहा है। रीपा से वर्क शेड, बिजली, पानी आदि सुविधाएं दी गई है। ढाबा में भोजन के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजन भी परोसे जा रहे हैं। ढाबा के साथ साथ रीपा के अंतर्गत डिस्पोजेबल, कैरीबैग यूनिट, मसाला यूनिट, दोना पत्तल यूनिट के साथ ही साथ गौठान के अंतर्गत मुर्गी पालन मसरूम उत्पादन सब्जी बाड़ी आदि गतिविधियो का संचालन किया जा रहा हैं जिससे क्षेत्र के महिलाओं एवं युवाओ को स्वरोजगार प्राप्त कर आय ले रहे हैं।



# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में मनाया गया डॉक्टर्स-डे एवं सीए-डे

**क्रांतिकारी संवाददाता/ जांजगीर-चांपा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में स्कूल के डायरेक्टर श्री आलोक अग्रवाल व प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में ''डॉक्टर्स दिवस'' एवं ''सी.ए. दिवस'' का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के समस्त विद्यार्थी प्रतिभागी रहें। सर्वप्रथम स्कूल प्रागंण में कक्षा बारहवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा एक गतिविधि के माध्यम से ''डॉक्टर्स दिवस'' एवं ''डायरिया उन्मूलन जागरूकता'' विषय पर नाटक का मंचन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भूमि बजाज, प्रगति शर्मा, अकांक्षा अग्रवाल, प्रथम राठौर, प्रियांश पांडे, नमन गंधर्व, आरव द्विवेदी, स्वप्निल सोन आदि बच्चे शामिल रहें। तत्पश्चात् कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए डायरिया निरोधक जागरूकता विषय पर ''पोस्टर मेकिंग'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने भिन्न -भिन्न प्रकार के चित्रों के माध्यम से डायरिया के प्रति जागरूकता को व्यक्त किया। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ''डॉक्टर्स दिवस'' एवं ''डायरिया उन्मूलन जागरूकता'' विषय पर अपनी भावना व्यक्त करते हुए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा नवमीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर ''स्लोगन मेकिंग'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् नर्सरी, एल.के.जी एवं यू.के.जी के विद्यार्थियों द्वारा डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के परिधान में बहुत ही सुंदर रोल प्ले का मंचन किया गया। इस प्ले में बच्चों द्वारा डॉक्टर की भूमिका एवं महत्पूर्णता को बताया गया। अंत में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के संबंध में विद्यार्थियों को सजग रहने तथा समाज में ''डॉक्टर्स एवं लेखाकार'' (सी.ए) के कार्य एवं महत्ता के बारे में जानकारी दी गई।




# गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाएगा दूधाधारी मठ में आज

**क्रांतिकारी संवाददाता /जांजगीर-चांपा।** गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्री दूधाधारी मठ रायपुर में परंपरागत रूप से श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा, 3 जुलाई 2023 को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्री दूधाधारी मठ में मनाया जावेगा। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज,अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग गुरु पूर्णिमा को रायपुर में ही रहेंगे। मठ में यह कार्यक्रम सुबह 10ः00 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर एवं आसपास के क्षेत्र के अतिरिक्त दूरदराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु भक्तगण एवं शिष्य परिवार के लोग काफी संख्या में दूधाधारी मठ पहुंचकर गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं।



# नाबालिक बालिका को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**क्रांतिकारी संवाददाता /जांजगीर-चांपा।** नाबालिग बालिका से शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया था। मना करने के बावजूद में भी जबरन शारिरिक संबंध बनाया गया

आरोपी धनराज अजाद उम्र 19 साल निवासी सीसीआई लेबर कालोनी अकलतरा के विरूद्ध धारा 363, 366 (क), 376 (3) भादवि एवं 4 पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

पुलिस के अनुसार पीड़िता नाबालिक बालिका 27 जून 2023 को स्कूल जाने के लिए सुबह घर से निकली थी, जो स्कूल से घर वापस नही आने से उनके परजनो द्वारा आस पास खोजे नही मिले, जिसकी सूचना मिलने पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 330/2023 धारा 363 भादवि अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुये त्वरित थाना स्तर से टीम गठित कर अपहृता को बरामद किया गया। विवेचना के दौरान अपहृत बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से पूछताछ कर कथन लिया गया बताई कि धनराज अजाद उम्र 19 साल निवासी सीसीआई लेबर कालोनी अकलतरा द्वारा शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया था। मना करने के बावजूद में मेरे साथ जबरन शारिरिक संबंध बनाया गया है। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 366 (क). 376 (3) भादवि एवं 04 पास्को एक्ट जोड़ा गया है। आरोपी धनराज अजाद उम्र 19 साल निवासी सीसीआई लेबर कालोनी अकलतरा को उसके घर से पकडकर पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 01 जुलाई 2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया जेल । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक उमेश साहू थाना प्रभारी, सउनि भगवती खाण्डेकर, आर शेषनारायण साहू का योगदान रहा।



# सभापति प्रतिनिधि युवराज चौधरी को बधाई देने लगा तांता

## जनपद पंचायत प्रांगण में मनाया गया जन्मदिवस

**बरमकेला।** जनपद पंचायत बरमकेला के जनपद सभापति युवराज चौधरी का जन्मदिन पर जनपद पंचायत प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एडिशनल सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ नीलाराम पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी चक्रधर पटेल जनपद पंचायत बरमकेला, कैलाश नायक जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती तारा शर्मा जनपद अध्यक्ष ,किशोर पटेल जनपद उपाध्यक्ष, ताराचंद पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित समुचित जनपद के अधिकारी कर्मचारी द्वारा गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी गई। रविवार को पूरे दिन उनके शुभचिंतकों के परिजनों तथा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा सुबह से ही लोग उन्हें बधाई देने के लिए गुलदस्ते व अन्य उपहारों के साथ पहुंचने लगे थे।

जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी, सभी समर्थकों ने गुलदस्ता भेंट कर, गले मिलकर शुभकामनाएं दी, साथ ही दूरभाष, एसएमएस, व्हाट्सअप, फेसबुक, इन्स्टा ग्राम व ट्विटर के माध्यम से जन्मदिन की बधाई देने के लिए ताता लगा रहा। जनपद सभापति युवराज चौधरी बहुत ही मिलनसार हंसमुख व्यक्ति धनी है जो कि बरमकेला विकास खण्ड मे अच्छी पकड़ है। इस अवसर पर नीला राम पटेल एडिशनल सीईओ जिला पंचायत रायगढ़, चक्रधर पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बरमकेला, कैलाश नायक जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती तारा शर्मा, सरस्वती चौधरी सभापति कृषि,, किशोर पटेल जनपद उपाध्यक्ष ,अरुण शर्मा विधायक प्रतिनिधि, ताराचंद पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, ओंकार पटेल सरपंच संघ अध्यक्ष, कन्हैया सारथी विधायक प्रतिनिधि, धर्मेंद्र चौहान ,सुशील नायक, पुष्पराज सिंह बरिहा जोत राम पटेल सभापति ,विद्याधर पटेल

अनुविभागीय अधिकारी आर ई एस जांगड़े, कार्यक्रम अधिकारी कमलेश मेहरा, जनपद पंचायत बरमकेला के सभापति पुष्पराज सिंह बरिहा, सरस्वती युवराज चौधरी, दिगम्बर नायक, जोतराम पटेल, उज्वल मिरी सहित कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। युवराज चौधरी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वाले शुभचिंतकों तथा सभी कार्यकर्ताओं का दिल से आभार व्यक्त किया।







# कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में बूथ लेबल तक मजबूत पकड़ बनाने पर जोर

## विधानसभा स्तरीय शिविर में नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दिए आने वाले चुनाव में जीत के गुरुमंत्र

**क्रांतिकारी संवाददाता/ कुनकुरी।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। जिसकी तैयारी कांग्रेस ने शुरू कर दी है।

कुनकुरी में कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। शिविर में प्रदेश के संसदीय एवं क्षेत्रीय विधायक यू. डी. मि मास्टर ट्रेनर्स में अनिल सिंह चौहान - बिलासपुर, गजेन्द्र कौशिक कोरवा मनी वैष्णव रायपुर, कृष्णा मरकाम धमतरी आरिफ खान भिलाई शामिल हुए।

शिविर में प्रशिक्षकों ने कांग्रेस संगठन द्वारा तैयार की गई रणनीति को साझा किया। इस प्रशिक्षण शिविर का शीर्षक 'हैं तैयार हम' रखा गया है इस शिविर में आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को पांच विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोशल मीडिया, मैनेजमेंट, प्रचार प्रसार, चुनावी रणनीति, और विरोधियों को घेरने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक यू. डी. मिंज ने कहा कि भूपेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस ने कहा





वो किया। जो भाजपा सरकार में 15 साल में नहीं हुआ था। उसे हमनें साढ़े चार साल में कर दिखाया। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार हर दिशा में काम हुआ है। महिला-युवा, किसान, मजदूर, हर वर्ग के लोगों को फायदा मिला है। इसलिए छत्तीसगढ़ में लोग कहते हैं भूपेश है तो भरोसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई स्थानीय मुद्दा नहीं रहा। इसलिए वे इस बार भी सोशल मीडिया पर झूठ का सहारा लेने वाले हैं। लेकिन कांग्रेस सच के साथ सोशल मीडिया पर काम करेगी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की जोश और धरातल पर किए गए कामों को देखकर भाजपा के स्थानीय नेता इस बार भी उम्मीद खो चुके हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से मुकाबले के लिए केंद्रीय नेताओं पर फोकस किया जा रहा है।

### सोशल मीडिया का उपयोग झूठ परोसने के लिए कर रही भाजपा

प्रशिक्षण में पीसीसी सदस्य विनयशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग सिर्फ झूठ परोसने के लिए कर रहे। हमारे देश के इतिहास के साथ खिलवाड़ किया जा रहा। देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों के योगदान को तोड़-मरोड़ कर झूठ फैलाया जा रहा। इसलिए आजादी के बाद से कांग्रेस का इतिहास और उपलब्धि की जानकारी हर कार्यकर्ताओं को होनी चाहिए। मनी वैष्णव रायपुर,कृष्णा मरकाम धमतरी, आरिफ खान भिलाई ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बूथ मैनेजमेंट और विधानसभा जीतने के टिप्स बताया।

### न्यायालययीन कार्य के लिए आने वाले लोगों को कोर्ट परिसर में ही मिलेंगी सुविधाएं

# संसदीय सचिव मिंज ने किया न्यायालय परिसर कुनकुरी में बार रूम और शापिंग कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन






**क्रांतिकारी संवाददाता/ कुनकुरी।** लम्बे समय से अधिवक्ता संघ कुनकुरी के द्वारा बार रूम की माँग किया जा रहा था जिसकी अब स्वीकृति हुई है इसके साथ ही विधायक यू. डी. मिंज ने तहसील न्यायालय कुनकुरी आने वाले लोगों की सुविधा के लिए 20 लाख की लागत सर्वसुविधायुक्त शापिंग कॉम्पलेक्स भी स्वीकृत कराकर उनके द्वारा भूमि पूजन किया गया।इस अवसर पर संसदीय सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कुनकुरी में सर्वसुविधायुक्त शापिंग कॉम्पलेक्स की स्वीकृति हुई है साथ ही अधिवक्ताओं के बहुत पुरानी बार रूम की माँग की भी स्वीकृति हुई है इससे अब अधिवक्तागणों को सुविधा होगी। शापिंग कॉम्पलेक्स बनने के बाद न्यायालययीन कार्य के लिए आने वाले लोगों को कोर्ट परिसर में ही विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने कहा कचहरी काम से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए शॉपिंग काम्पलेक्स बनाया जा रहा है जहाँ शौचालय की सुविधा होगी. उन्होंने कहा लम्बे समय से अधिवक्ताओं की माँग थी कि कुनकुरी में बार रूम बनाया जाय अब जल्द ही अधिवक्ता भाइयों को अपना बार रूम मिल सकेगा। जनपद अध्यक्ष कुनकुरी अंजना मिंज, कुनकुरी नगर पंचायत अध्यक्ष अजेम टोप्पो, उपाध्यक्ष जगदीश आपट, बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता गोविन्द हेड़ा, कैलाश गुप्ता, अद्याशंकर त्रिपाठी, भूबनेश्वर मिश्रा, हरी प्रसाद साय , के.के. सिंह, सावित्री चौहान, मुमताज़ अली समेत बड़ी संख्या में अधिवक्तागण शामिल हुए.

# नीलाम्बर को अनुसूचित जनजाति वर्ग स्मॉल बिजनेस योजना का मिला लाभ

### बूट हाऊस व्यवसाय से प्राप्त हो रही है अतिरिक्त आमदनी

### व्यवसाय से अब 15 से 20 हजार तक प्रतिमाह हो रही आय

**क्रांतिकारी संवाददाता/ जशपुरनगर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जशपुर अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में प्रोत्साहन लाभ दिया जा रहा है। ताकि अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों का सामाजिक, आर्थिक स्तर को सुदृढ़ किया जा सके और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। इसी उद्देश्य से पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम तमता निवासी श्री नीलाम्बर सिदार को अनुसूचित जनजाति वर्ग स्मॉल बिजनेस सीएचसी-256 के तहत् लाभान्वित किया गया है।



जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जनजाति स्मॉल बिजनेस योजना के तहत् तमता निवासी नीलाम्बर सिदार लाभान्वित किया गया है और उन्हें योजना के तहत् व्यवसाय के लिए वर्ष 2022-23 में 3 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। हितग्राही श्री सिदार ने स्मॉल बिजनेस योजना के तहत इकाई लागत 3 लाख से बूट हाऊस व्यवसाय कर रहा है। व्यवसाय से उन्हें अब 15 से 20 हजार तक प्रतिमाह आय हो रहा है। पूर्व में नीलाम्बर कृषि कार्य करता था। जिससे उन्हें घर परिवार चलाने में परेशानी होती थी। बूट हाऊस व्यवसाय से अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है जिससे उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और अब वे अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छे ढंग से कर पा रहें हैं। योजना का लाभ देने के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# भगवान ने छत्तीसगढ़ को सबकुछ दिया, लेकिन ईमानदार नेता नहीं दिए : केजरीवाल

**बिलासपुर।** भगवान ने छत्तीसगढ़ को सब कुछ दिया है. खेती, पानी, वन, कोयला खदानें हैं, लेकिन पार्टी ईमानदार नहीं दी. ईमानदार नेता नहीं दिए. 20 सालों में हर जगह स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल होता, सब लोग अमीर होते. लेकिन बीजेपी-कांग्रेस ने मिलकर छत्तीसगढ़ को लूट लिया. यह बात दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कही.

बिलासपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित आमसभा में बड़ी संख्या में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली खुशहाली के लिए जानी जाती है. दिल्ली और पंजाब 24 घण्टे बिजली आती है. हमारी नियत साफ है, झूठ नहीं बोलते. दिल्ली में 24 घण्टे बिजली आती है, छत्तीसगढ़ में बिजली नहीं आती, लेकिन बिजली का बिल आता है. दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी मैं फ्री की रेवड़ी बंटता हूं. दिल्ली वालों को मैंने 7 रेवड़ी दे दी, पहली रेवड़ी सबको फ्री बिजली, दूसरी रेवड़ी दिल्ली में शानदार स्कूल बनाए, अमीर-गरीब के बेटे साथ पढ़ते हैं. तीसरी रेवड़ी सबका इलाज मुफ्त कर दिया. चौथी रेवड़ी दिल्ली में महिलाओं का सफर फ्री कर दिया. पांचवीं रेवड़ी सब बुजुर्गों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराया जा रहा. छठवीं रेवड़ी बेरोजगारों के लिए रोजगार की व्यवस्था कर 12 लाख युवाओं को नौकरी दे दी. केजरीवाल ने इसके साथ ही सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि सबको ये फ्री की रेवड़ी चाहिए की नहीं. सबने जवाब दिया हां चाहिए.इसके पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि केजरीवाल के झाड़ू से छत्तीसगढ़ को साफ करेंगे. पंजाब में पहली बार लड़े युवाओं ने बड़े-बड़े नेताओं को हराया. करप्शन फ्री, पढ़ाई में नम्बर वन, कोयला खदानों से इतने पैसे आएंगे कि सब लोगों की ज़िंदगी बेहतर हो जाएगी. भगवंत मान ने कहा कि आपका एक-एक कदम हमारे लिए क्रांतिकारी है. बिलासपुर में आने का एक ही मकसद है, भगवान ने देश में सबकुछ दिया, उपजाऊ धरती, खदान दिए, लेकिन अच्छे नेता नहीं दिए. जिसे बदलने के लिए हम आये हैं।

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान आज से, ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

# गरीब न होगा अब लाचार, आयुष्मान कार्ड से होगा उपचार

**क्रांतिकारी संवाददाता/ जशपुरनगर।** जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान 03 जुलाई 2023 को जिले के सभी विकासखंड के ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। गरीब न होगा अब लाचार, आयुष्मान कार्ड से होगा उपचार संकल्प के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा महाअभियान में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी करने के उद्देश्य से हितग्राहियों को शिविर स्थल में राशन कार्ड एवं आधार कार्ड, आधार से लिंक वाली मोबाईल नम्बर के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्ड धारक सभी परिवार पात्र होगें।




स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार महाअभियान शिविर में परिवार के समस्त सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए परिवार के समस्त सदस्यों के साथ शिविर स्थल में जाकर अपने व अपने परिवार के समस्त सदस्यों का आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के लिए अपील की गई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बी.पी.एल. परिवारों को 5 लाख एवं शेष परिवार अर्थात ए.पी.एल. परिवारों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार तक का लाभ योजना के दिशा निर्देशानुसार योजना अंतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अन्य अतिरिक्त गंभीर बीमारी हेतु मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता अंतर्गत 20 लाख तक स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जा रहा है, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु आयुष्मान कार्ड अनिवार्य है। इस हेतु परिवार के हर एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनवाना अनिवार्य है। देश के किसी भी पंजीकृत अस्पताल में कार्ड से मुफ्त ईलाज कराया जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी लोगों से महाअभियान को सफल बनाने का आग्रह किया है और अपना संदेश देते हुए लोगों के कहा- आओ हम सब मिलकर 03 जुलाई को आयुष्मान कार्ड बनवायें।

# जुलाई अंत तक पूर्ण करें स्टेडियम मरम्मत का कार्यः कलेक्टर

### जिम होगा अपडेट, बैडमिंटन, बॉस्केट बॉल कोर्ट की हो रही मरम्मत

### रायगढ़ स्टेडियम के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर सिन्हा

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज बोईरदादर स्थित रायगढ़ स्टेडियम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्टेडियम में किए जा रहे मरम्मत कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने खिलाड़ियों एवं जन सामान्य की सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य में तेजी लाने एवं सभी कार्यों को 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा रायगढ़ स्टेडियम के इंडोर बैडमिंटन कोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने कोर्ट की मरम्मत कार्यों को देखा एवं गैलरी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की जिम के कार्य पूर्ण होने से लोगों को शहर के अंदर ही अत्याधुनिक सुविधाओं वाला जिम मिल पाएगा। उन्होंने जिम के आवश्यक उपकरणों को बदलने के निर्देश दिए। साथ ही जिम हॉल में एसी और अन्य छोटे बड़े कार्यों को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने टॉयलेट निर्माण की जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन टॉयलेट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ताइक्वांडो हॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ताइक्वांडो हॉल को ताइक्वांडो, टेबल टेनिस के साथ मल्टी पर्पज हॉल की तरह बनाने के निर्देश दिए, ताकि बेहतर उपयोग किया जा सके। उन्होंने फ्लोरिंग कार्य के साथ सीपेज ट्रीटमेंट के कार्य को भी देखा।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिन्हा बास्केट बॉल कोर्ट पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्य जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जो कार्य पहली प्राथमिकता में हैं, उन्हे अतिशीघ्र करें, ताकि खिलाड़ियों को जल्दी सुविधाएं मिल सके। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि स्टेडियम को बेहतर किया जा रहा हैं, इसका मेंटेंस अति आवश्यक है। उन्होंने स्टेडियम की साफ-सफाई एवं रख-रखाव के लिए निगम को 5 कर्मचारी प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा करने एसडीएम को निर्देश दिए।

### तरण ताल में आकर्षक वॉल पेंटिंग के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सिन्हा आज स्टेडियम स्थित तरण ताल पहुंचे। वहां उन्होंने तरणताल में स्थित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए वहां आवश्यक मरम्मत कार्य, साफ-सफाई, पौधारोपण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीवालों के मरम्मत के साथ इनमें स्विमिंग से संबंधित आकर्षक पेंटिग की जाए।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ ( छ.ग. )**

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र. 23

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक / 2063/ निविदा / ग्रासांसेवा/2023–24 — रायगढ़, दिनांक 28.06.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से जिला रायगढ़/सारंगढ–बिलाईगढ़ अंतर्गत निम्नलिखित शाला भवनों के लिए नवीन मकान / अतिरिक्त कक्ष / जिर्णोद्धार कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रत की जाती है:-

1. पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा ई.एम.डी. तकनीकी अभिलेख एवं वित्तिय प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि :- 10.07.2023 सायं 5:30 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि 11.07.2023 अपरान्ह 12.30 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम एवं स्थल | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | शास. प्राथ. शाला तुमीडीह, ई.पी.एस. इंदिरा आवास (एसएसए)(तुमीडीह) एवं माध्य. शाला तुमीडीह का नवीनीकरण /जीर्णोद्धार कार्य वि.खण्ड घरघोड़ा | 11.91 |
| 02 | शास. प्राथ. शाला एकताल, धनुहारडेरा (एकताल) एवं माध्य. शाला एकताल का ---//--- विकासखंड पुसौर | 14.32 |
| 03 | शास. प्राथ. शाला टुर्कुमुड़ा (एसएसए) (छातामुड़ा), एनपीएस हरिजन मोहल्ला (कोड़ातराई) एवं यू.एम.एस. लोहरसिंह (एसएसए) का ---//--- विकासखंड पुसौर | 10.82 |
| 04 | शास. प्राथ. शाला रियापाली (एसएसए) (घुटकुपाली), घुटकुपाली एवं केसाईपाली (घुटकुपाली) का ---//--- विकासखंड पुसौर | 13.27 |
| 05 | शास. प्राथ. शाला झुलनपाली (बड़े हल्दी), दर्रामुड़ा, एनपीएस उरांवपारा (गढ़उमरिया), यू.एम.एस.मल्दा (एसएसए) एवं माध्य. शाला बड़े हल्दी का ---//--- विकासखंड पुसौर | 16.96 |
| 06 | आर.जी.पी.एस.एम. प्राथ. शाला बोरोडीपा (पुसौर), शास. जुन. प्राथ. शाला घानातराई (सुकुलभठली), पंचपारा (सुकुलभठली) एवं बालक माध्य. पुसौर ---//--- विकासखंड पुसौर | 16.27 |
| 07 | शास. प्राथ. शाला डुमरमुड़ा (केशला), यू.एम.एस. केशला (एसएसए) एवं डुमरमुड़ा (एसएसए) (केशला) का ---//--- विकासखंड पुसौर | 13.40 |
| 08 | शास. प्राथ. शाला गोतमा, रायपाली (नावापारा ब), नावापारा ब एवं यू.एन.एस. गोतमा (एसएसए) का ---//--- विकासखंड पुसौर | 11.34 |
| 09 | शा. प्राथ.शाला मुड़ागांव हेतु नवीन भवन निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 14.29 |
| 10 | ई.पी.एस. रामनाथपुर (मुड़ागांव) (एस.एस.ए) हेतु ---//--- निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 11.62 |
| 11 | शास. प्राथ. शाला जरहाडीपा (मुड़ागांव) (एस.एस.ए,) हेतु ---//--- निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 11.89 |
| 12 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला गंजपुर हेतु ---//--- निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 14.34 |
| 13 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला आदर्श नवापारा लैलुंगा हेतु ---//--- निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 15.46 |
| 14 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला भुईयापानी हेतु ---//--- निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 13.60 |
| 15 | शास. प्राथ. शाला कटकलिया हेतु ---//--- निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 13.60 |
| 16 | शास. प्राथ. शाला सियारपारा (बगुडेगा) हेतु ---//--- निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 17.19 |
| 17 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला गोसाईडीह (रेगड़ी) अंगेकेला (रेगड़ी) एवं यू.एम.एस.अंगेकेला (एसएसए) (रेगड़ी) ---//--- निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 16.07 |
| 18 | यू.एम.एस. सोहनपुर (एसएसए) (मोहनपुर) प्राथ. शाला नवीन सोहनपुर (एसएसए) (मोहनपुर) ई.पी.एस. बगबुड़ापारा (एस.एस.ए.) (मोहनपुर), फीटिंगपारा (एसएसए) झगरपुर एवं टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला मोहनपुर का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 14.42 |
| 19 | शास. प्राथ. शाला तोलगे ई.पी.एस. नावापारा (तोलगे) (एस.एस.ए.), टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला ऐंकरा (तोलगे) एवं यू.एम.एस. हरदीझरिया (एसएसए) (तोलगे) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 11.59 |
| 20 | यू.एम.एस. गेरूपानी (एसएसए) कर्राहन (एसएसए) (गेरूपानी) टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला गेरूपानी एवं ई.पी.एस. धनवारपारा (एसएसए) (गेरूपानी), सिदारारा (एसएसए) (गेरूपानी) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 12.89 |
| 21 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला पोटेबिरनी (बरडीह), बरडीह, एम.पी.एस. कोईलारडीह (पोटेबिरनी बरडीह),(एसएसए) एवं माध्य. शाला बरडीह का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 11.57 |
| 22 | एम.पी.एस. इंदिरा आवास (सुबर) (एसएसए) एवं ई.पी.एस. कटंगपारा (एसएसए) (सुबरा), सलिहापारा (एस.एस.ए.)(सुबरा) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 19.74 |
| 23 | माध्य. शाला कटकलिया एवं शा. हाई स्कूल कटकलिया का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 15.70 |
| 24 | ई.पी.एस. उरांवपारा (एस.एस.ए.) (राजपुर), टोंगरीपारा (राजपुर) (एसएसए), माध्य. शाला राजपुर एमसीए एवं प्राथ. शाला गत्तीघोघरा (हीरापुर) (एस.एस.ए.) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 15..59 |
| 25 | यू.एम.एस. चोरंगा (एसएसए), सिवारपारा (बगुडेगा) (एस.एस.ए.) एवं शास. प्राथ. शाला लखपहरी (चिराईखार) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 16.20 |
| 26 | ई.पी.एस. बस्तीपारा (खम्हार) (एसएसए), माध्य. शाला बांसडांड एवं यू.एम.एस. खेड़आमा (एसएसए) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 13.60 |
| 27 | शास. प्राथ. शाला भवानीपुर (हीरापुर) टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला ढेंगुरजोर (हीरापुर) एवं यू.एम.एस. हीरापुर (एसएसए) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 11.26 |
| 28 | प्राथ. शाला गोहड़ीडीपा (राजजुर) ई.पी.एस. पुटुपारा (राजपुर) (एसएसए) एवं टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला ढाप का ()---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 5.92 |
| 29 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शला बैगीनझरिया, यू.एम.एस. बैगीनझरिया (एस.एस.ए.) एवं एनपीएस सुकवासीपारा (सुकवास) (एस.एस.ए.) (गहनाझरिया) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 17.09 |
| 30 | ई.पी.एस. तेन्दुपारा (भेड़ीमुड़ा अ) (एस.एस.ए.) ठिर्रीआमा (बगुड़ेगा) (एसएसए), शास. प्राथ. शाला पतरापारा (आर) (भेड़ीमुड़ा अ) (एसएसए), एवं टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला रामपुर (भेड़ीमुड़ा अ) भेड़ीमुड़ा अ का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 15.05 |
| 31 | माध्य. शाला तोलमा, यू.एम.एस. चंवरपुर (एसएसए) एवं ई.पी.एस. लारीपारा (एस.एस.ए.) (तोलमा), चेलीटोंगरी (एस.एस.ए.) (चंवरपुर) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 13.90 |
| 32 | एनपीएस मिनकोपारा (एसएसए) (नारायणपुर), टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला कोड़ामाई (नारायणपुर), प्राथ. शाला दर्रीपारा (कटकलिया) (एसएसए), एवं. यू.एम.एस. कोड़ामाई (एसएसए) (नारायणपुर) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 18.11 |
| 33 | ई.पी.एस. कटहलपारा (मुड़ापारा) (नारायणपुर) दर्रीपारा (एस.एस.ए.) (कटकलिया), यू.एम.एस. मुड़ापारा (नारायणपुर) (एसएसए) एवं टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला पोकडेगा (नारायणपुर) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 17.92 |
| 34 | कन्या आश्रम सोनाजोरी, शास. प्राथ. शाला सोनाजोरी, टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला बरदरहा (सोनाजोरी) माध्य. शाला सोनाजोरी एमसीएम एवं ई.पी.एम कोरकोटपारा (सोनाजोरी) (एसएसए) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 17.93 |
| 35 | शास. प्राथ. शाला लाईनपारा (चिराईखार), यू.एम.एस. चिराईखार (एसएसए), कुर्रोपहरी (एसएसए) (चिराईखार) एवं माध्य. शाला मुकडेगा एमसीएस का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 16.74 |
| 36 | ई.पी.एस. ढ़ोढ़ीबहार (मुकडेगा) (एस.एस.ए.) यू.एम.एस. ढ़ोर्रोबीजा (एस.एस.ए.) एवं प्राथ. शाला पटेलपारा (एसएसए) (ढ़ोर्रोबीजा)का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 15.28 |
| 37 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला कंझारी (ढ़ोर्रोबीजा), यू.एम.एस. कंझारी (ढोर्रोबीजा) एवं यू.एम.एस. दर्रीपारा (एस.एस.ए.) (कटकलिया) ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 17.45 |
| 38 | माध्य. शाला बसंतपुर एमसीएस, टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला धौराडांड, तुरतुरा यू.एम.एस. छापरापारा (एसएसए) (धौराडांड), करडेगा (धौराडांड) (एसएसए), तुरतुरा (एसएसए) एवं ई.पी.एस. सरमडेगा (तुरतुरा) (एसएसए) का ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 18.96 |
| 39 | ई.पी.एस. गम्हार (सिहारधार) (एस.एस.ए.) एनपीएस फिटिंगपारा (सिहारधार) (एसएसए) एवं यू.एम.एस. सिहारधार (एसएसए) का नवीनीकरण/जीर्णोद्धार कार्य एवं शास. प्राथ. शाला बैस्कीमुड़ा हेतु नवीन भवन निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 19.93 |
| 40 | प्राथ. शाला पतरापारा (एसएसए) हेतु नवीन भवन निर्माण वि.खण्ड लैलुंगा | 15.00 |
| 41 | ई.पी.एस. डीपापारा (नारायणपुर) (एस.एस.ए.) हेतु ---//--- वि.खण्ड लैलुंगा | 14.34 |
| 42 | यू.एम.एस. जमुना (एसएसए) हेतु नवीन भवन निर्माण वि. खण्ड लैलुंगा | 16.38 |
| 43 | शास. हाय.सेक. स्कूल तोलमा नवीनीकरण / जीर्णोद्धार कार्य वि. खण्ड लैलुंगा | 12.80 |
| 44 | ईपीएस बोरालाझरिया (नेवार) (एसएसए) वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 45 | शास. प्राथ. शाला पोरिया (नेवार), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.143 |
| 46 | ईपीएस सिरकी (एसएसए) (नेवार), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.143 |
| 47 | ईपीएस लमडांड (पखनाकोट) (एसएसए) वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 48 | शास. प्राथ. शाला टोनाहीनारा, वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 49 | शास. प्राथ. शाला जमरगा, वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.447 |
| 50 | शास. प्राथ. शाला आश्रम क्रिन्धा, वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 51 | शास. प्राथ. शाला बंधनपुर, वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 52 | ईपीएस शाला निर्माण गितखोता (सोनपुर) (एसएसए), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 53 | माध्य. शाला ठाकुरपोड़ी, वि. खंड धरमजयगढ़ | 15.000 |
| 54 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला दहीडांड (सलका), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.207 |
| 55 | ईपीएस उपर सलखेता (गिधकाली) (एसएसए), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.207 |
| 56 | शास. प्राथ. शाला गुड़आमा (पेलमा)वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 57 | ईपीएस कहुआपानी (जमरगा) (एसएसए), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 58 | ईपीएस छापरडांड (कचीरा) (एसएसए), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.207 |
| 59 | प्राथ. शाला तुन्दुडीह (क्रिन्धा), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.483 |
| 60 | ईपीएस सिरडाही (क्रिन्धा) (एसएसए), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.207 |
| 61 | ईपीएस छुहीपहाड़ (क्रिन्धा) (एसएसए), वि. खंड धरमजयगढ़ | 12.207 |
| 62 | शास. प्राथ. शाला बलपेदा (जबगा), वि. खंड धरमजयगढ़ | 15.134 |
| 63 | प्राथ. शाला अमलीडीह (करवारजोर) (एसएसए), तोलमा, शा. हाई स्कूल सोनाजोरी, टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला जमुना (बसंतपुर) एवं ई.पी.एस. मोहनीपुरी (चंवरपुर) (एसएसए), जुनाडीह (लिबरा) (एसएसए) का नवीनीकरण / जीर्णोद्धार कार्य वि.खण्ड लैलुंगा | 15.140 |
| 64 | माध्य. शाला केकराझरिया (गेरूपानी), बगुडेगा, आश्रम प्राथ. शाला राजपुर, शास. हाई स्कूल नारायणपुर, किलकिला एवं यू.एम.एस. गिधरपारा (खेड़आमा) (एसएसए), पोकडेगा (एसएसए) (नारायणपुर) तथा ई.पी.एस. छापर (एसएसए) (धौराडांड) का नवीनीकरण / जीर्णोद्धार कार्य वि. खण्ड लैलुंगा | 17.045 |
| 65 | यू.एम.एस. ठूसेकेला (एस.एस.ए.) कुकरीचोली (बरभौना), भैनापारा, भेलवाडीह, ई.पी.एस. नावाडीह (भेलवाडीह) (एस.एस.ए.) माध्य. शाला टेमटेमा, शास. प्राथ. शाला बगबुडवा (सूती), कलमी (भैंनापारा), तेलीकोट एवं टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला कुकरीचोली (बरभौना), भेलवाडीह, अंजोरीपाली का नवीनीकरण/जीर्णोद्धार कार्य वि.खण्ड खरसिया | 16.046 |
| 66 | माध्य. शाला कोयलंगा यू.एम.एस. छुहीपाली (एसएसए) एवं ई.पी.एस. बायंग (एसएसए) का नवीनीकरण /जीर्णोद्धार कार्य वि. खण्ड रायगढ़ | 14.392 |
| 67 | शास. प्राथ. शाला बरदापुटी एवं यू.एम.एस. बरदापुटी (एसएसए) का नवीनीकरण /जीर्णोद्धार कार्य वि. खण्ड रायगढ़ | 13.056 |
| 68 | शास. प्राथ. शाला रामपुर (न.नि. रायगढ़) एवं एन.पी.एस. डीपापारा (कलमी) (एसएसए) नवीनीकरण /जीर्णोद्धार कार्य वि. खण्ड रायगढ़ | 10.771 |
| 69 | माध्य. शाला कोसमपाली (इ), ई.पी.एस. गोदामडीपा (कोसमपाली) (एसएसए), शास. प्राथ. शाला कोसमपाली एवं आर.जी.पी.एस.एम. कलारमुड़ा का नवीनीकरण /जीर्णोद्धार कार्य वि. खण्ड रायगढ़ | 14.244 |
| 70 | अतिरिक्त कक्ष मा. शाला चिखली वि. खण्ड सारंगढ़ | 14.59 |
| 71 | --//-- प्रा. शा. डोमाडीह वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 72 | --//-- प्रा. शा. कपरतुंगा वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 73 | --//-- प्रा. शा. रोहिनापाली वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 74 | --//-- प्रा. शा. खम्हारपाली वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 75 | --//-- प्रा. शा. नवापाली वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 76 | --//-- प्रा. शा. भाटाकोना वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 77 | --//-- प्रा. शा. सरियादरहा वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 78 | --//-- प्रा. शा. कोरोपानी वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 79 | --//-- प्रा. शा. बघनपुर वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 80 | --//-- प्रा. शा. मकरी गातापीड़ा वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 81 | --//-- प्रा. शा. भदरा वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 82 | --//-- प्रा. शा. मल्दा अ वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 83 | --//-- प्रा. शा.गडिहारपारा एवं मरम्मत प्रा. शा. छुहिपाली वि. खण्ड सारंगढ़ | 17.51 |
| 84 | --//-- प्रा. शा. नकाईनटार (सुंदराभाटा) एवं मरम्मत प्रा. शा. पचपेड़ी वि. खण्ड सारंगढ़ | 17.49 |
| 85 | --//-- प्रा. शा. मौहारडीह वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 86 | --//-- प्रा. शा. पिकरी (डोमाडीह ब), मरम्मत प्रा. शा. पहन्दा एवं मरम्मत प्रा. शा. हलधरपाली (लिमगांव)वि. खण्ड सारंगढ़ | 14.56 |
| 87 | --//-- पू.मा. शा. मल्दा ब वि. खण्ड सारंगढ़ | 14.59 |
| 88 | --//-- अं.प्रा.शा. कांसा वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 89 | --//-- प्रा. शा. खुडबेना वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 90 | --//-- प्रा. शा. चांटीपाली एवं मरम्मत प्रा. शा. चनामुड़ा वि. खण्ड सारंगढ़ | 13.81 |
| 91 | --//-- प्रा. शा. भाटापारा खम्हारडीह वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 92 | --//-- प्रा. शा. खैरपाली वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 93 | --//-- प्रा. शा. सिलियारी वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.56 |
| 94 | --//-- पू.मा.शा. हिच्छो वि. खण्ड सारंगढ़ | 14.66 |
| 95 | मरम्मत पू.मा.शा. कौवाताल एवं अतिरिक्त कक्ष प्रा. शा. गोड़म वि. खण्ड सारंगढ़ | 16.61 |
| 96 | अतिरिक्त कक्ष प्रा. शा. चुरेला (कुर्राहा) ए मरम्मत प्रा. शा. जिल्दी, मरम्मत पू. मा. शा. जिल्दी एवं मरम्मत प्रा. शा. मौहापाली (जिल्दी) वि. खण्ड सारंगढ़ | 19/23 |
| 97 | अतिरिक्त कक्ष प्रा. शा. हिर्री वि. खण्ड सारंगढ़ | 11.59 |
| 98 | प्राथ. शाला नोनाईडीपा (एसएसए) (छातामुड़ा) वि. खण्ड पुसौर | 14.64 |
| 99 | शास. प्राथ. शाला सारसमाल (कर्राजोर) वि. खण्ड पुसौर | 14.64 |
| 100 | शास. प्राथ. शाला जामपाली (कर्राजोर) वि. खण्ड पुसौर | 14.64 |
| 101 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला कुजेडबरी (बेलपाली) एवं माध्य. शाला लारा वि. खण्ड पुसौर | 10.08 |
| 102 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला आमापाली एवं टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला सियारपारा वि. खण्ड लैलूंगा | 19.91 |
| 103 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला खेखरापारा (गुडूबहाल), वि. खंड लैलूंगा | 11.326 |
| 104 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला ईश्वरपुर (घटगाँव) वि. खंड लैलूंगा | 11.326 |
| 105 | शास. प्राथ. शाला तुर्कापारा (तोलमा) वि. खंड लैलूंगा | 12.261 |
| 106 | टी.डब्ल्यू.डी. प्राथ. चंवरपुर शाला वि. खंड लैलूंगा | 12.261 |
| 107 | ईपीएस उडलबहार (लोहडापानी) (एसएसए) वि. खंड लैलूंगा | 12.223 |
| 108 | शास. प्राथ. शाला हरदीझरिया, वि. खंड लैलूंगा | 12.381 |
| 109 | टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला बिलासपुर, वि. खण्ड खरसिया | 11.857 |
| 110 | यू.एस.एस. बिलासपुर (एस.एस.ए.) वि. खण्ड खरसिया | 11.857 |
| 111 | प्रा. शा. टपरंगा (धौंराभांठा), मा. शा. धौराभांठा, बिजना एवं हाई स्कूल बिजना वि. खंड तमनार | 13.409 |
| 112 | टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. कर्रापाली (केशरचुआं) केशरचुआं, अैराजोर (केशरचुआं) डुमरघुचा (टांगरघाट), आमगांव, हाई स्कूल टांगरघाट एवं मा. शा. आमगांव वि. खंड तमनार | 18.517 |
| 113 | मा. शा. हमीरपुर,जोबरी, हाई स्कूल हमीरपुर, प्रा. शा. बरकछार (भगोरा) टी.डब्लू.डी. प्रा.शा. भगोरा, जोबरो, अमलीढोढ़ा (गौरबहरी), एवं यू.एम.एस. वि. खंड तमनार | 15.080 |
| 114 | यू.एम.एस. बुडिया (एस.एस.ए.), प्रा. शा. उत्तर रेगांव, कुधरीपारा 1(तमनार), कुधरीपारा 2 (तमनार), एवं नवीन इंदिरानगर (तमनार) वि. खंड तमनार | 14.730 |
| 115 | मा. शा. सराईपाली (एम.सी.एस.), गदगांव प्रा. शा. गदगांव, हर्राडीह (गदगांव), टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. जमडबरी वि. खंड तमनार | 15.907 |
| 116 | प्रा. शा. जामचुंआ (जिवरी), बगबुड़ा (भुईकुर्री), बरपाली (भुईकुर्री), डारआमा, ढेंगुरचुआ (डारआमा), ठरकपूर (डारआमा), टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. भुईकुर्री एवं मा. शा. जिवरी वि. खंड तमनार | 13.942 |
| 117 | प्रा. शा. औराईमुड़ा एवं हाईस्कूल औराईमुड़ा वि. खंड तमनार | 13.070 |
| 118 | टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. चिर्रामुड़ा (बनाई) प्रा. शा. ई.पी.एस. चिर्रामुड़ा (बनाई) (एस.एस.ए.), धनवारपारा (बनाई) (एस.एस.ए.) एवं मा. शा. बनाई वि. खंड तमनार | 11.160 |
| 119 | मा. शा. रेंगालबहरी (बरकसपाली), यू.एम.एस. नूनदरहा, प्रा. शा. बरकसपाली, रेंगालबहरी (बरकसपाली), टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. नूनदरहा वि. खंड तमनार | 15.890 |
| 120 | टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. चितवाही, छिंदभौना (बड़गांव), हाई स्कूल कोलम चितवाही एवं मा. शा. कोलम (चितवाही) वि. खंड तमनार | 14.318 |
| 121 | टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. ढोलनार (बजरमुड़ा), रोडोपाली, हाई स्कूल बजरमुड़ा एवं प्रा. शा. भालुमुड़ा (रोडोपाली) वि. खंड तमनार | 15.090 |
| 122 | सराईटोला, गारे (एस.एस.ए) एवं मा. शा. डोलेसरा (सी.एस.) वि. खंड तमनार | 18.767 |
| 123 | प्रा. शा. पेलमा, खर्रा (पेलमा), मा. शा. पेलमा एवं मा. शा. उरबा वि. खंड तमनार | 12.360 |
| 124 | टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. हिंझर, छिरवानी (हिंझर), लालपुर, खार लालपुर, सक्ता (लालपुर), प्रा. शा. सेमीजोर एवं मा. शा. खार लालपुर (एस.एस.ए.) वि. खंड तमनार | 17.360 |
| 125 | प्रा. शा. करवाही (खम्हरिया), रामपुर (खम्हरिया), मिलुपारा, सिदारपारा (मिलुपारा), टी.डब्लू.डी. प्रा. शा. खम्हरिया, मा. शा. खम्हारिया, कोड़केल एवं शास. हाय. से. स्कूल मिलूपारा वि. खंड तमनार | 16.076 |
| 126 | यू.एम.एस. झरना (एस.एस.ए.) प्रा. शा. झरना, टी.डब्लू.डी. प्रा.शा. रायपारा (समकेरा) एवं मा. शा. समकेरा वि. खंड तमनार | 11.380 |
| 127 | शास. प्राथ. शाला रायकेरा, आरजीपीएसएम प्राथ. शाला लीमदरहा (रायकेरा) एवं माध्य. शाला रायकेरा वि. खंड तमनार | 17.586 |
| 128 | शास. प्राथ. शाला कोटरीमाल, शास. टी.डब्ल्यू.डी. हाय. सेक. स्कूल रायकेरा एवं ई.पी.एस. सिदारपारा (एसएसए)(रायकेरा) वि. खंड घरघोड़ा | 15.521 |
| 129 | माध्य. शाला चिमटापानी एवं टी.डब्लू.डी. प्राथ. शाला चिमटापानी वि. खंड घरघोड़ा | 12.241 |
| 130 | यूएमएस डंगबीरा (चिल्कागुड़ा) (एसएसए), शास. प्राथ. शाला कया, एमसीएस, ई.पी.एस. सतिनकान (चिल्कागुड़ा)(एसएसए)एवं यूएमएस दनौट (एसएसए) (चिल्कागुड़ा) वि. खंड घरघोड़ा | 16.609 |
| 131 | शास. प्राथ. शाला जकेला, झारमुड़ा, यू.एम.एस. डुमरपाली (एसएसए) एवं माध्य. शाला झारमुड़ा वि.खंड पुसौर | 18.215 |
| 132 | शास. प्राथ. शाला नावापारा (नावापारा अ) एवं यू.पी.एस. सोड़ेकेला (एसएसए) तथा शास. प्राथ. शाला सोडेकेला वि.खंड पुसौर | 15.182 |
| 133 | शास. प्राथ. शाला बाराडोली, चंघोरी (परसापाली) एवं यू.एम.एस. बाराडोली (एसएसए), शास. प्राथ. शाला सिंघपुरी (बाराडोली), परसापाली वि.खंड पुसौर | 17.685 |
| 134 | यू.एम.एस.कोतमरा (एसएसए), शास. प्राथ. शाला सरवानी (बरपाली), बड़े भण्डार एवं तिलगी वि.खंड पुसौर | 18.440 |
| 135 | यू.पी.एस. नंदेली (एसएसए) एवं शास. प्राथ. शाला नंदेली वि.खंड पुसौर | 10.750 |
| 136 | शास. प्राथ. शाला कर्राजोर, सुर्री, यू.पी.एस. कर्राजोर (एसएसए), माध्य. शाला सुर्री एवं बालक माध्य. शाला कोड़ातराई वि.खंड पुसौर | 15.233 |
| 137 | शास. प्राथ. शाला लेबड़ा एवं ई.पी.एस. हरिहरपुर (डोंगीतराई) (एसएसए) वि. खंड रायगढ़ | 16.083 |
| 138 | शास. प्राथ. शाला चिराईपानी (ई) (लाखा), बरमुड़ा (रायगढ़) एवं शास. प्राथ. शाला देलारी वि. खंड रायगढ़ | 18.446 |
| 139 | यू.एम.एस. देलारी (एसएसए), माध्य. शाला चांदमारी (रायगढ़) एवं शास. हाय. सेक. स्कूल जुटमिल रायगढ़ वि. खंड रायगढ़ | 19.398 |
| 140 | यू.एम.एस. मिट्ठुमुड़ा रायगढ़ (एसएसए) एवं शास. हाय. सेक. स्कूल गेरवानी वि. खंड रायगढ़ | 19.098 |
| 141 | शास. प्राथ. शाला चमड़ा गोदाम रायगढ़ वि. खंड रायगढ़ | 15.109 |
| 142 | शास. प्राथ. शाला सोनूमुड़ा (रायगढ़) वि. खंड रायगढ़ | 15.109 |
| 143 | माध्य. शाला चक्रधर नगर (रायगढ़) वि. खंड रायगढ़ | 14.933 |
| 144 | बालक माध्य. शाला इंदिरा गांधी (रायगढ़) एवं एन.पी.एस. मांझापारा रायगढ़ (एसएसए) (बड़े अतरमुड़ा) वि. खंड रायगढ़ | 17.096 |
| 145 | एनपीएस सिकोसीमाल (एसएसए) (अड़बहाल) वि. खंड रायगढ़ | 14.788 |
| 146 | ई.पी.एस. बजरंगपारा (एसएसए) (रायगढ़) वि. खंड रायगढ़ | 14.988 |
| 147 | यू.एम.एस. राजीवनगर (रायगढ़) (एसएसए) वि. खंड रायगढ़ | 15.088 |
| 148 | शास. प्राथ. शाला शिवपुरी (गेरवानी) वि. खंड रायगढ़ | 14.988 |
| 149 | शास. प्राथ. शाला झारगुड़ा, कुम्भीबहाल (झारगुड़ा) (एसएसए), माध्य. शाला बंगुरसियां एवं ई.पी.एस. देवबहाल (झारगुड़ा) (एसएसए) वि. खंड रायगढ़ | 12.600 |
| 150 | शास. प्राथ. शाला जगतपुर रायगढ़ एवं शास. प्राथ. शाला इंदिरानगर रायगढ़ वि. खंड रायगढ़ | 13.728 |
| 151 | शास. प्राथ. शाला पण्डरीपानी (प), डुमरपी (प), बनहर (बघनपुर), शास. जुन. प्राथ. शाला परसाडीपा (परसदा) एवं माध्य. शाला गेजामुड़ा वि. खंड रायगढ़ | 18.276 |
| 152 | शास. प्राथ. शाला जोरापाली, मौहारीडीपा (कांशीचुवा) (एसएसए), कांशीचुवा शास. हाय. से. स्कूल कांशीचुवा का नवीनीकरण / जीर्णोद्धार कार्य एवं माध्य. शाला कांशीचुवा में शौचालय निर्माण कार्य वि. खंड रायगढ़ | 19.277 |
| 153 | यू.एम.एस. सरवानी (एसएसए) एवं शास. प्राथ. शाला नावापारा (प) वि. खंड रायगढ़ | 13.248 |
| 154 | टी.डब्ल्यू.डी. प्राथ. शाला लिबरा, वि. खंड लैलूंगा | 12.223 |
| 155 | शास. प्राथ. शाला किलकिला, वि. खंड लैलूंगा | 12.223 |
| 156 | टी.डब्ल्यू.डी. प्राथ. शाला राजाआमा वि. खंड लैलूंगा | 11.890 |
| 157 | टी.डब्ल्यू.डी. प्राथ. शाला टिमाउडीह, वि. खंड घरघोड़ा | 14.550 |
| 158 | टी.डब्ल्यू.डी. प्राथ. शाला नवागढ़, वि. खंड घरघोड़ा | 11.710 |
| 159 | ईपीएस बाम्हनपाली (एसएसए), वि.खंड घरघोड़ा | 14.550 |
| 160 | शास. प्राथ. शाला रेलवे बंगलापारा (रायगढ़), मिट्ठुमुड़ा (रायगढ़) एवं राजीव गांधी नगर (रायगढ़) का नवीनीकरण / जीर्णोद्धार कार्य वि. खंड रायगढ़ | 17.748 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 29.06.2023 से विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

3. निविदा की धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में कम से कम पूर्णता अवधि से 03 माह अतिरिक्त का देय होगा तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में देय होगा।

**कार्यपालन अभियंता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग, रायगढ़ (छ.ग.)

Ro.No. - 02887/6

# रायपुर में आयोजित प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होंगे जिले से हजारों भाजपा कार्यकर्ता

## जिले के संगठन प्रभारी अभिषेक सिंह ने ली जिले के कार्यकर्ताओं की कामकाजी बैठक

**रायगढ़।** देश के प्रधानमंत्री इसी महीने के 7 तारीख को राजधानी रायपुर आ रहें हैं। वे यहां साइंस कालेज मैदान में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। अपने देश के प्रधानमंत्री जो स्वयं को देश का प्रधान सेवक मानकर देश की सेवा में अग्रसर है उनके आमसभा में शामिल होने जिले से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रायपुर जाएंगे। इसी विषय पर बैठक लेने जिला भाजपा के संगठन प्रभारी अभिषेक सिंह आज भाजपा कार्यालय पहुंचे।

सर्वप्रथम जिले की कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमे जिले के 23 मंडलों से कार्यकर्ताओं को रायपुर ले जाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके बाद चारों विधानसभा के समन्वय समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी 7 तारीख को मोदी जी की सभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा की ये हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है जिनको मोदी जी का स्वागत करने एवं उनको सुनने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। आज मोदी जिनके कारण राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है,मोदी जी की कार्यकुशलता से आम जनता का विश्वास हमारे प्रति प्रगाढ़ हुआ है। देश में कई वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस की भ्रष्ट नीतियों से राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की छवि धूमिल हो गई थी,जनता के बीच राजनैतिक कार्यकर्ताओं का सम्मान कम हो चला था परंतु मोदी जी की सुचिता पूर्ण राजनीति ने इस मिथक को भी तोड़ दिया। आज जनता के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ा है। हम सभी ऐसे प्रधान सेवक का स्वागत करेंगे जिन्होंने गरीबी के दर्द को आत्मीयता से समझा, सांसारिक जीवन को त्याग कर अपना सर्वस्व राष्ट्र हित में लगा रहे है, जिनके जीवन का पचास साल सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए बिता हो ऐसे उदार प्रधानमंत्री का सत्कार हम घराती बनकर करेंगे। जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं से विनम्रता पूर्वक आग्रह करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा की आगामी 7 तारीख को जो भी लक्ष्य हम सभी को मिले उसे पूरी श्रद्धा के साथ पूर्ण किया जाए।बैठक को जिला भाजपा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया उन्होंने पूरे 23 मंडलों से आए भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को आश्वस्त किया कि पूर्व में हुए अन्य कार्यक्रमों को जिले के कार्यकर्ताओं ने सफल किया है। इस कार्यक्रम को भी उसी सफलता के साथ पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बैठक में ही घोसणा की मोदी जी के कार्यक्रम को सफल बनाने जिले से हजारों की संख्या में राजधानी जाएंगे। जिले के हर कार्यकर्ता इस पुनीत यज्ञ में शामिल होकर स्वयं को धन्य करेगा।जिले के महामंत्री सतीश चंद्र बेहरा ने मंच संचालन किया साथ ही जिले के महामंत्री अरुणधर दीवान ने सभी मंडलों की भौतिक समीक्षा करके सभी को सभी का लक्ष्य समझाया। बैठक के अंत में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश पांडे ने आभार व्यक्त करते हुए बैठक की समापन की घोसना की।






### बैठक में प्रमुख रूप से ये हुए शामिल

आज की बैठक में सत्यानंद राठिया, कमल गर्ग, शकील अहमद, कौशलेश मिश्रा, विपिन उपवेजा, प्रफुल्ल तिवारी, दिनेश गभेल, सुनील रामदास, बजरंग अग्रवाल, चंद्रप्रकाश पांडे, रथू गुप्ता, जय प्रकाश पटेल, महेश साहू, अरुण कातोरे, सुनील रामदास, बजरंग अग्रवाल, शकील अहमद, अनुपम पाल, संतोष राठिया, सहौद्रा संतोष राठिया, सुषमा खलखो ,गोपिका गुप्ता, पवन अग्रवाल, मंजुल दीक्षित, टीकाराम पटेल, मनोरंजन साव, स्वप्निल स्वर्णकार, ताराचंद राठिया, अमरदीप सिंह जटाल, डिग्रीलाल साहू, रंजू संजय, मनोज प्रधान, लोचन पटेल, सुक्लाल चौहान, विनायक पटनायक, जतिन साव, रामश्याम डनसेना, बंशी चौधरी, विनय शर्मा, शशिकांत शर्मा, आनंद भगत, दुर्गेश राठिया, महेश भोई, जागेश सिदार, प्रवीन द्विवेदी, छोटू खान उपस्थित रहे। उक्त प्रेस विज्ञप्ति जिला प्रवक्ता मनीष शर्मा ने जारी करी है।

**न्यायालय तहसीलदार सारंगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( छ.ग. )**
**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र. अ-19(1)/ वर्ष 2022-23
ग्राम-सारंगढ़, प.ह.नं.28
जारी दिनांक 15/06/2023
पेशी दिनांक 07/07/2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सहसपुर, प. ह. नं. 28 में आवेदक अमित पिता घासीराम निवासी वार्ड क्र. 06 रेंजरपारा, सारंगढ़, तहसील सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा नगरपालिका सारगढ़ अंतर्गत सारंगढ़,प.ह.न. 28 में स्थित भूमि ख.नं. 1416/1/ क रकबा 11.048 हे. में से 840 वर्गफीट भूमि को छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-04/ सात-1 / 2019 रायपुर, दिनांक 26.10.2019 में दिये गए निर्देशानुसार उक्त अतिक्रमित भूमि का 150 प्रतिशत की दर से निर्धारित राशि जमा कर भूमिस्वामी हक प्राप्त कर पट्टा प्राप्त करने हेतु 02 प्रतिशत की राशि जमा कर भूमिस्वामी पट्टा प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, हितब्द्ध पक्षकार या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाशक के माध्यम से दिनांक 07/07/2023 को मेरे समक्ष उपस्थित / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 15/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
सारंगढ़

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सारंगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत एवं निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित किया जाता है कि बैंक के संभावित ऋण ग्रहिता महेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता श्री रामबिलास अग्रवाल, निवासी बरमकेला, तहसील सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) पास से ग्राम सिंघारी, प.ह.नं. 13 ( पुराना 43 / 30) रा. नि.मं. एवं तहसील बरमकेला, जिला बरमकेला, जिला रायगढ़ (अब सारंगढ़-बिलाईगढ़) स्थित भूमि खसरा नं. 130/1 रकबा 0.352 हेक्टेयर से संबंधित मूल विक्रेता गोरा, सुदर्शन पिसरान पुनाऊ रावत निवासी ग्राम सिंघारी के द्वारा क्रेता मनोज कुमार पिता मकरध्वज अघरिया निवासी ग्राम घुमाभांठा के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 27.02.2009 के तहत विक्रय किया गया है जिसका पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय सारंगढ़ मे पुस्तक कमांक अ-1, ग्रंथ कमांक 3963 एवं विलेख कमांक 3270 है। इसी तरह खसरा नं. 130/2 रकबा 0.352 हेक्टेयर से संबंधित मूल विक्रेता विद्याधर पिता गजाधर निवासी ग्राम सिंगारपुर के द्वारा केता मनोज कुमार पिता मकरध्वज अघरिया निवासी ग्राम घुमाभांठा के पक्ष में पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 27.02.2009 के तहत विक्रय किया गया है जिसका पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय सारगढ़ में पुस्तक कमॉक अ-1, ग्रंथ कमॉक 3963 एवं विलेख कर्मोक 3278 है। जिसे बाद में उक्त भूमि खसरा नं0 130/1 रकबा 0.352 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 130/ 2 रकबा 0.352 हेक्टेयर को उपरोक्त क्रेता मनोज कुमार के द्वारा क्रेता महेंद्र कुमार अग्रवाल पिता श्री रामविलास अग्रवाल के पास दिनांक 21. 07.2022 को विक्रय किया गया है जिसका पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय सारंगढ़ मे पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्रमांक 7455 एवं विलेख क्रमांक 1946 है जो महेन्द्र कुमार अग्रवाल के नाम पर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण सुधार होकर आज पर्यन्त चला आ रहा है।

इसी तरह भूमि खसरा नं. 131 रकबा 0.320 हेक्टेयर से संबंधित मूल विक्रेता भगवानो पिता डमरूधर निवासी ग्राम सिंगारपुर के द्वारा क्रेतागण कमशः लक्ष्मीकांत, दुर्गाचरण एवं सूर्यकांत पिसरान श्री मनोज कुमार निवासी ग्राम घुमाभाठा लोगों के पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 01.06.2020 के तहत विक्रय किया गया है जिसका पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय सारंगढ़ में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्रमांक 6908 एवं विलेख क्रमांक 320 है। जिसे बाद में उक्त भूमि को उपरोक्त क्रेतागण लक्ष्मीकांत लोगों के द्वारा केता महेंद्र कुमार अग्रवाल पिता श्री रामविलास अग्रवाल के पास दिनांक 21.07.2022 को विकय किया गया है। जिसका पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय सारंगढ़ में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्रमांक 7455 एवं विलेख क्रमांक 1947 है । जो महेन्द्र कुमार अग्रवाल नाम पर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण सुधार होकर आज पर्यन्त चला आ रहा है। जिसे महेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा उपरोक्त तीनों भूमियों को श्रीमती सरिता अग्रवाल पति श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल के पक्ष में 30 वर्ष 15 मार्च 2053 तक के लिए पंजीकृत पट्टा विलेख दिनाँक 17.03.2023 के तहत पट्टे पर प्रदान किया गया है।

उपरोक्त ग्राम सिंघारी से संबंधित तीनों मूल विक्रय पत्रक दिनांक 27.02.2009, 27.02.2009 एवं 01.06.2020 को विक्रेतापक्ष मनोज कुमार एवं लक्ष्मीकांत लोगों के द्वारा क्रेता महेन्द्र कुमार अग्रवाल को भूमि विक्रय पश्चात ही प्रदाय कर दिया गया था, जो वर्तमान क्रेता / भूमिस्वामी महेन्द्र कुमार अग्रवाल से बैंक एवं पंजीयन कार्यालय आदि कार्य से सारंगढ़ आने जाने के दौरान दिनाँक 15.03.2023 दिन बुधवार को समय करीब दोपहर के 02 से 03 बजे के आसपास बरमकेला सारंगढ़ रोड़ में ही अन्य दस्तावेजों के साथ कहीं गिर जाने के कारण गुम हो गया है काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिल रहा है।

उपरोक्त ग्राम सिंघारी से संबंधित तीनों मूल विक्रय पत्रक दिनॉक 27.02.2009, 27.02.2009 एवं 01.06.2020 को जिस किसी व्यक्ति को प्राप्त हुआ है या जिस किसी व्यक्ति को इस गुम विक्रय पत्रकों के संबंध मे किसी भी प्रकार की आपत्ति या हक अधिकार हो यह अपनी आपत्ति लिखित में मेरे कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा किसी भी व्यक्ति को आपत्ति नहीं होना मानकर उपरोक्त पंजीकृत विक्रय पत्रकों की प्रमाणित प्रतिलिपी प्रस्तुत कर बैंकिंग संव्यवहार कर लिया जायेगा। उक्त मूल पंजीकृत विक्रय पत्रक का किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा उपयोग नहीं किया जा सकेगा तथा उपयोग किये जाने पर उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी। यह आम सूचना ग्राम सिंघारी से संबंधित तीनों मूल विक्रय पत्रक दिनॉक 27.02.2009, 27.02.2009 एवं 01.06.2020 के गुम हो जाने के संबंध में प्रकाशित किया जा रहा है।

भवदीय
**रामकुमार चौधरी ( अधिवक्ता )**
सारंगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
मोबा. नं. 9907679714




दैनिक क्रांतिकारी संकेत







# टीएस सिंहदेव के उप मुख्यमंत्री बनने पर बदला जिले में कांग्रेस का राजनैतिक समीकरण

## लोकेश साहू का बढ़ा सियासी कद, अपने दम पर बाबा का झंडा थामे रखा

**रायगढ़।** बड़े व नाटकीय घटनाक्रम के तहत केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा टीएस सिंहदेव को अचानक उप मुख्य मंत्री बनाये जाने से प्रदेश के सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया। इसका असर जिले की कांग्रेस की राजनीति में भी पढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस की सत्ता आने के पहले जिले के प्रभारी टीएस सिंहदेव थे। उन्होंने चुनाव के पहले डॉक्टर राजू को कांग्रेस प्रवेश करा कर रायगढ़ विधानसभा की दावेदारी के लिए तैयार किया लेकिन अंतिम समय में डॉक्टर राजू की जगह प्रकाश नायक को टिकट दी गई। चुनाव के दौरान भी सिंहदेव की सक्रियता बनी रही। रायगढ़ जिले में कांग्रेस ने भाजपा का सफाया किया और प्रदेश में सरकार भी कांग्रेस की बनी। सीएम की कुर्सी को





लेकर कांग्रेस में मची होड़ में बाजी भूपेश बघेल ने मारी और सिंहदेव सीएम के लिए ढाई वर्ष तक वेटिंग हो गए। ढाई वर्षों के बीच बहुत से घटनाक्रम ऐसे हुए जिसमें बहुत से बाबा समर्थको ने समय की नजाकत को भांपते हुए पाला बदला और बाबा के खराब दिनो में बाबा से दूरी बना ली। केवल युवा तुर्क लोकेश साहू ऐसे नेता रहे जिसने अपने दम पर बाबा के विरोधियों से लोहा लेते हुए बाबा का झंडा थामे रखा। लोकेश साहू की सक्रियता से कांग्रेसियों के होश भी उड़े। तमाम विरोध के बावजूद लोकेश ने आम जनमानस के मध्य एक खासा स्थान बनाया। बाबा के आगमन के दौरान बाबा से उपकृत होने वाले वरिष्ठ नेताओं ने दूरी बनाई वहीं लोकेश साहू ने अपने समर्थकों के साथ सिंहदेव का भव्य स्वागत कर यह साबित कर दिया कि सिंहदेव समर्थकों का वजूद जिले में मौजूद है। लोकेश साहू समर्थकों की विधायक समर्थकों से टकराहट की नौबत भी आई। लोकेश और विधायक आमने-सामने भी हुए और लोकेश ने हर अन्याय व शोषण का दमदारी से प्रतिकार भी किया यही वजह से है कि वे आम जनमानस के जगह में दिल बनाने में कामयाब रहे।

### सिंहदेव का नजरिया जिले की राजनीति को करेगा प्रभावित

सिंहदेव के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद रायगढ़ विधानसभा की संभावित दावेदारी को लेकर आशंका के काले बादल उमड़ने लगे हैं। सिंहदेव की ताजपोशी के बाद विधायक की टिकट कटने की संभावना को तेजी से बल मिलने लगा। बाबा से दूरी बनाने वाले अब उनसे नजदीकियां बनाने लग गए। आने वाले दिनों में सिंहदेव का नजरिया जिले की राजनीति को प्रभावित करेगा, इसमें संशय नहीं है। बरहाल सिंहदेव की ताजपोशी से लोकेश खेमे में हर्ष का माहौल है। रायगढ़ विधानसभा में यह माहौल समस्याओं के नकली प्रकाश को दूर कर पाने में सफल जो पाएगा या नहीं, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बाबा के उपमुख्यमंत्री बनते ही जिले की कांग्रेस के सियासत में तूफान आ गया ये तूफान किस विधायक के राजनैतिक भविष्य को ध्वस्त करेगा यह आने वाला वक्त बताएगा।

## डॉक्टर्स डे के अवसर पर बच्चों को मिला लाभ

# संस्कार स्कूल में लगा हेल्थ कैंप









रायगढ़। जिले प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में 1 जुलाई डाक्टर्स डे के अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के बच्चों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि कक्षा नर्सरी से कक्षा 2रीं तक के लिए छात्र-छात्राओं हेतु महिला दन्त चिकित्सक स्नेहा चेतवानी एवं जया पटेल ने दांतों का परीक्षण कर बच्चों को दांत की सुरक्षा, ब्रश करने की प्रक्रिया, रख-रखाव आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर कक्षा 3री से 5वीं तक के बच्चों के लिए बालाजी पैथोलॉजी की तरफ से ब्लड ग्रुप टेस्ट की व्यवस्था रख गई थी जिसमें बच्चों का परीक्षण कर उनका ब्लड ग्रुप बताया गया। ताकि विकट स्थिति में बल्ड ग्रुप की जानकारी का लाभ बच्चों एवं परिवार को मिल सके। संस्था की प्राचार्या रश्मि शर्मा ने बताया कि मेडिकल हेल्थ कैंप के माध्यम से डाक्टर्स डे के अवसर पर सभी डाक्टर्स का सम्मान ज्ञापित किया गया। साथ ही बच्चों में जागरूकता भी आई। कार्यक्रम के अंत में प्रतीक चिन्ह देकर डाक्टर्स का सम्मान किया गया।





## आशीर्वाद व शुभकामनाओं के लिए जताया आभार

# यादगार रहा सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े का जन्मदिन





**सारंगढ़।** 30 जून 2023 का दिन एक बार फिर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। जिस तरह सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला निर्माण एक ऐतिहासिक सारंगढ़ के लिए पल रहा, वही पल कल सारंगढ़ की विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े के जन्मदिन के अवसर पर देखने को मिला और जिले वासियों ने अपने विधायक के ऊपर खूब आशीर्वाद और प्यार बरसाया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सारंगढ़ विधायक उतरी जांगड़े का जन्मदिन सारंगढ़ सहित पूरे विधानसभा में धूमधाम से मनाया गया और अपने विधायक को कांग्रेस परिवार एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी सभी वर्ग ने खूब आशीर्वाद और प्यार दिया। खेल भांठा मैदान सारंगढ़ एवं कृषि उपज मंडी बरमकेला में भव्य जन्म उत्सव आयोजित हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ जन पदाधिकारी कार्यकर्तागण, अधिकारी कर्मचारी, व्यापारी बंधु पत्रकारगण, अधिवक्तागण सरपंचगण, जनपद सदस्यगण जिला पंचायत सदस्यगण, शामिल हुए सभी ने विधायक उतरी जांगड़े को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस पल को विधायक श्रीमती जांगड़े ने यादगार बनाने वाले सभी वर्ग का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सबका आशीर्वाद और प्यार ही मेरी पूंजी है ।मैं समस्त प्रिय जिले वासियों का आभार प्रकट करती हूं। जिस तरह आप सब हमेशा मुझ पर आशीर्वाद बनाते आए हैं आगे भी यह आशीर्वाद बना रहे, यही कामना करती हूं, मेरे जन्मदिन के अवसर पर मंत्री अनिला भेड़िया, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर,सहित तमाम स्थानीय वरिष्ठ जन पदाधिकारीगणों ने समस्त कार्यकर्तागण प्रिय जनता ने जो आशीर्वाद मुझे दिए, वे सदैव अविस्मरणीय रहेगी और आगे आप सबके मार्गदर्शन में सारंगढ़ जिला विधानसभा के विकास के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे।

# रायगढ़ का युवा वालंटियर नीरज राजधानी में हुआ सम्मानित

### यूनिसेफ के शीर्ष सोशल मीडिया इंफ्लेंसर के रूप में हुआ सम्मान



**रायगढ़।** विगत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग, यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व सोशल मीडिया दिवस' के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 30 जून को किया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित संचालक जनसंपर्क विभाग छ.ग. शासन सौमिल रंजन चौबे , छत्तीसगढ़ यूनिसेफ प्रमुख जॉब जकारिया , राज्य जनसंपर्क अधिकारी आमना मीर , एस बी सी विशेषज्ञ अभिषेक सिंह के हाथों रायगढ़ के युवा स्वयंसेवक , पूर्व डीएमसी जिला - मुंगेली नीरज सहीस को श्रेष्ठ सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में एसबीसी कंसल्टेंट नियति राज व चंदन कुमार, छत्तीसगढ़ संवाद से महाप्रबंधक विनायक शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक परिवर्तन के वाहक युवा स्वयंसेवकों ने शिरकत की।

कार्यशाला में प्रदेश के सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर, समाज सकारात्मक बदलाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले सोशल चेंज मेकर्स, समाज सेवी, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, वालंटियर्स और विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी शामिल हुए जिन्होंने समुदायों के भीतर व्यवहार परिवर्तन को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया टूल का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। इस अवसर पर पूरे प्रदेश से आए सोशल मीडिया के बेस्ट परफॉर्मर्स को प्रभावी प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सोशल मीडिया आज समाज में बदलाव लाने, समाज की बातों को शीर्ष तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन गया है। आज हर एक व्यक्ति सिटीजन जर्नलिस्ट है। सोशल मीडिया की उपयोगिता और इसे सकारात्मक बदलाव के लिए इस्तेमाल करना भी एक कला है। कार्यशाला में नवाँ अंजोर फाउंडेशन रायगढ़ से प्रकाश बरेठ , जयप्रकाश पटेल के साथ साथ सक्रिय स्वयंसेवक - सुशांत पटनायक , पूर्णिमा सिदार की भी सहभागिता रही।

# भरत कूप मंदिर में सावन मास की चल रही तैयारियां

### इस बार सावन दो माह का होने से शिवभक्तों में उत्साह

**रायगढ़।** सतीगुडी चौक स्थित भरतकूप मंदिर में सावन मास की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन सहित अन्य व्यवस्था की जा रही हैं। इस बार सावन दो माह का है। शिवभक्त दो माह तक भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहेंगे।

भगवान भोलेनाथ का प्रिय मास सावन 4 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। सावन प्रारंभ होते ही शिवभक्तों व कांवरियों का जत्था बाबाधाम सहित अन्य प्रसिद्ध शिवालयों की ओर रवाना होना शुरू हो जाएगा। शहर के गौरीशंकर मंदिर, निकले महादेव मंदिर, सत्तीगुड़ी चौक स्थित भरतकूप मंदिर, कोसमनारा स्थित बाबाधाम सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगेगा। इन मंदिरों में सावन मास की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। साफ-सफाई, रंग-रोगन व तोरण द्वार से





शिवालयों को सजाया जा रहा है। शहर के सत्तीगुड़ी चौक स्थित प्रसिद्ध भरतकूप मंदिर में भी शिव परिवार की प्रतिमा विराजित है। सेठ किरोड़ीमल द्वारा निर्मित इस मंदिर में सालभर विविध धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं। यहां सावन मास धूमधाम से मनाया जाता है। इस कूप व शिवालय का विशेष महत्व है। यहां पिछले 55वर्षों से भरत भैया के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना हो रही है। इस बार भी आगामी 4 जुलाई से श्रावण महोत्सव मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

### इस बार दो सावन माह होने से भक्तों में उत्साह

मंदिर के वर्तमान पुजारी पं. कमल शर्मा ने बताया कि इस बार सावन मास दो माह का है। इसके कारण भक्तों में भी उत्साह देखा जा रहा है। भरतकूप मंदिर में शिवलिंग के साथ शिव परिवार की प्रतिमाएं विराजित हैं। वैसे तो यहां सालभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगता है, लेकिन श्रावण मास में यहां विशेष अनुष्ठान होते हैं, जिसमें श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस बार 4 जुलाई से सावन माह प्रारंभ हो रहा है। पहला सावन सोमवार 10 जुलाई को पड़ेगा। दो माह में कुल 8 सावन सोमवार पड़ेगा। सावन सोमवार पर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना व अनुष्ठान विशेष पुण्यदायक होता है, इसके कारण इस दिन शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ रहती है।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, सीएम बघेल ने जताया दुख

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया. हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई. इस हादसे को लेकर छ्रू भूपेश बघेल ने दुख जताया है. साथ ही मुआवजे का ऐलान किया है. दरअसल, मोतीपुर गांव में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. सीएम भूपेश ने दुख जताया है. साथ ही मृतकों के परिजनों को चार चार लाख रुपये देने की घोषणा की है. दुर्घटना में पिता राजेन्द्र बारले और 8 वर्षीय पुत्र प्रभात बारले की मौत हुई है. आक्रोशित ग्रामीणों ने पाटन से रायपुर सड़क मार्ग पर चक्काजाम किया था. गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।





शिव हॉस्पिटल एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर
कयाघाट मोड़ के बगल में जूटमिल रोड, रायगढ़ (छ.ग.)

डॉ. शलभ अग्रवाल
एम.बी.बी.एस.डी.एन.बी. (मेडिसीन)
सलाहकार चिकित्सक
मो. नं. 7354775000, 9406027821

डॉ. श्रीमती पूजा अग्रवाल
एम.बी.बी.एस.डी.एन.बी. (मेडिसीन)
सलाहकार चिकित्सक
मो. नं. 8109890205

उपलब्ध सुविधाएं
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आईसीयू एवं वेंटिलेटर की सुविधा
पैथोलॉजी
ई.सी.जी.
स्पाइरोमेट्री
24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा
ट्रामा (चोट) चिकित्सा
फुल बॉडी चेकअप
फार्मेसी (24 घंटा)
नार्मल डिलेवरी
समस्त प्रकार की सर्जरी

परामर्श क्षेत्र
मधुमेह एवं हाई ब्लडप्रेशर
हृदय रोग
श्वास रोग
गुर्दा रोग, उदर रोग
मस्तिष्क एवं स्नायु रोग
संक्रमण रोग
समस्त स्त्री रोग
गुप्त रोग
वात एवं गठिया रोग
मानसिक रोग
वृद्धावस्था के रोग

शिव शक्ति मेडिकल स्टोर
सभी प्रकार के अंग्रेजी एवं आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध
प्रो. सुमित कुमार अग्रवाल मो. 9425506723, 9993040025

# बरौद खदान से विस्थापित परिवारों ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी

## प्रशासन तथा प्रबंधन को दी सूचना, मांगें पूरी नहीं होने पर 6 जुलाई से करेंगे खदान बंद





**रायगढ़।** एसईसीएल के बरौद कोल ब्लॉक प्रभावितों द्वारा अपनी मांगो को लेकर एक बार फिर से मुखर हो गए हैं। अपनी मांगो को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर मांगे पूरी करने कहा गया है। मांगे पूरी नहीं होने पर प्रभावितों के द्वारा आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। प्रभावितों की मांगें पूरी नहीं होने पर बरौद के समस्त विस्थापित परिवारों द्वारा 6 जुलाई गुरूवार से बरौद खदान के मुख्य गेट पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन, आर्थिक नाकाबंदी, काम रोको आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन तथा प्रबंधन को आन्दोलन की सूचना दी जा चुकी है।

जिले के धरमजयगढ़ स्थित ग्राम बरौद को एसईसीएल द्वारा कोल बेरिंग एक्ट के तहत अर्जन एवं विकास अधिनियम 1957 की धारा 9(1) की अधिसूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशन 25 दिसंबर 2010 के तहत् भू –अर्जन तथा छत्तीसगढ़ शासन के आदर्श पुनर्वास निति एवं कोल इंडिया पुर्नस्थापना निति के तहत् विस्थापन किया जा रहा हैं। जिसमे 331 परिवारों को विस्थापित किया जाना है । ग्राम बरौद के विस्थापित परिवारों का विस्थापन लाभ कोल इंडिया के नियमानुसार तथा जिला पुर्नवास समिति मे तय व जानकारी देकर 03 लाख निर्धारित किया गया है। जबकि एसईसीएल के कोरबा जिला के संचालित खदानों में दीपका परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं के लिए बसाहट के लिए विस्थापित परिवारों का विस्थापन लाभ 03 लाख था जिसें एसईसीएल द्वारा संसोधित कर 10 लाख रूपया से अधिक निर्धारित किया गया है तथा सम्पूर्ण ग्राम के समस्त पात्र भू–विस्थापित एसईसीएल की भूमि /भू खण्ड पर नही जाते है तो 5 लाख अतिरिक्त पारितोषिक/प्रोत्साहन राशि का नियम लागू किया गया है । जो बरौद विस्थापित परिवारों का भी बसाहट पुर्नवास राशि 10 लाख रूपया प्रदान किया जावे तथा बरौद विस्थापित परिवार भी एसईसीएस के भूमि /भू –खण्ड पर नही जाना चाहते है पारितोषिक /प्रोत्साहन राशि के रूप में अतिरिक्त 5 लाख प्रदान किया जावे ।

### क्या कहते है एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के कर्मचारी

ग्रामीणों को भ्रमित जानकारी देते हुए एसईसीएल के आलाअधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाती है कि कोरबा जिले के संचालित खदान दीपका परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं में कोयले का सीम /लेयर अधिक होने तथा उत्पादन अधिक होने से वहाँ के विस्थापित परिवारों को विशेष पुर्नवास निति लागू कर वहाँ के विस्थापित परिवारों को विस्थापन लाभ अधिक प्रदान किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों ने कहा कि एसईसीएल के कोरबा जिले के संचालित खदानों में विस्थापित परिवारों का विस्थापन लाभ 10 लाख है । जो वहाँ भी पहले 03 लाख ही था अभी अभी एसईसीएल द्वारा नियम में संसोधित कर 10 लाख किया गया है तथा पारितोषिक /प्रोत्साहन के रूप मे अतिरिक्त 5 लाख किया गया है हमारे यहाँ भी 03 लाख है उसे संसोधन कर लाभ प्रदान किया जावे । रही बात कोयले की सीम /लेयर उत्पादन अधिक करने की तो ये हमारे साथ गलत हो रहा है जो दुख की बात है । ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हमारी समस्याओं को प्रशासन के ओर से एस.डी.एम घरघोड़ा द्वारा गंभीरतापूर्वक ध्यान नही दिया जा रहा है। ना राज्य सरकार और ना केन्द्र सरकार। अब हमारे पास एक ही रास्ता है एसईसीएल मुख्य गेट पर परिवार सहित अनिश्चित कालीन हड़ताल।

# आज रायगढ़ में लगेगा रोजगार मेला, 400 पदों पर होगी भर्ती

### ग्रेजुयट ट्रेनी ऑफिसर, कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर, सेल्स एक्जेक्टिव, मैकेनिक व सिक्यूरिटी गार्ड के पद पर ली जाएगी भर्ती

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। ताकि प्लेसमेंट एवं रोजगार मेला के माध्यम से स्थानीय युवाओं को यहां के उद्योगों में अधिक से अधिक रोजगार मिले। बीते अप्रैल से अभी तक 1100 युवाओं को ऑफर मिल चुके है। इसी कड़ी में आगामी 3 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 400 पदों पर भर्ती की जायेगी।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी श्री रामजीत राम ने बताया कि निजी क्षेत्र की रिक्तियों में 3 जुलाई 2023 को प्रात: 10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला के माध्यम से मेसर्स चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा.लि.रायगढ़ में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 12 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी तरह मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.रायगढ़ में सिक्यूरिटी गार्ड के 50 पद एवं मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों में भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 10 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी प्रकार मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में ही ग्रेजुएड ट्रेनी ऑफिसर के 100 पदों पर भर्ती ली जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गयी है। इसके साथ ही रायगढ़ आॅटोमोबाइल प्रा.लिमिटेड, जगतपुर रायगढ़ में 10 सेल्स एक्जेक्टिव एवं 2 मैकेनिक के पद पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए योग्यता 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है।




# विप्र फाउंडेशन की महिलाओं ने किया डॉ. सुचित्रा त्रिपाठी एवं सीए संजय शर्मा का सम्मान



**रायगढ़।** चिकित्सक दिवस व सीए दिवस के उपलक्ष्य पर विप्र फाउंडेशन महिला मंडल की सदस्यों ने रायगढ़ जिले की प्रख्यात डॉक्टर सुचित्रा त्रिपाठी एवं सीए संजय शर्मा का शाल व गुलदस्ते से सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मंजू जोशी, मीना शर्मा, पिंकी शर्मा, बबिता शर्मा, रमा शर्मा, सुनीता शर्मा, सपना शर्मा, ममता शर्मा, विभा शर्मा, मंजू शर्मा, मोना अमित शर्मा, नीतू शर्मा एवं समस्त सदस्य उपस्थित थीं।

### जिला पंचायत सदस्य व सभापति अनिका बिनोद भारद्वाज करेंगी पत्रकारों का सम्मान

# सारंगढ़ में 'पत्रकारिता एक डगर का' भव्य आयोजन आज





**सारंगढ़।** क्षेत्र की सक्रिय कांग्रेस नेत्री व सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस पार्टी से एक सशक्त दावेदार जिला पंचायत सदस्य सभापति अनिका बिनोद भारद्वाज द्वारा सोमवार 03 जुलाई को दोपहर 12 बजे से सारंगढ़ के पत्रकारों के लिए 'पत्रकारिता एक डगर का' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पत्रकारों का सम्मान भी किया जाएगा।

सारंगढ़ नगर स्थित रानीसागर साहू समाज धर्मशाला में होने वाले कार्यक्रम में सारंगढ़ जिला मुख्यालय के समस्त पत्रकारों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अनिका बिनोद भारद्वाज पत्रकारों से रूबरू होंगी और मिडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगी। लोकतंत्र के सजग प्रहरी पत्रकार बिरादरी के सम्मान में स्वरुचि भोज भी रखा गया है। जिला पंचायत सदस्य व सभापति अनिका विनोद भारद्वाज ने समस्त पत्रकारों को 'पत्रकारिता एक डगर सह सम्मान समारोह' में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# नदी किनारे पानी पीते दिखा गजराजों का दल

### छाल वन क्षेत्र का मामला, क्षेत्र में दहशत



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज के डोंगाभवना में आज शाम जंगली हाथियों के दल को नदी किनारे पानी पीते देखा गया। जिसके बाद आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस दल में छोटे बड़े करके कुल 16 हाथी शामिल है।

बीते दिनों इसी क्षेत्र से एक शावक हाथी की मौत का मामला सामने आया था। वहीं एक ग्रामीण की हाथी के हमले से भी मौत हुई थी। जिसके बाद से लगातार एक तरफ जहां विभाग के अधिकारियों में हाथियों की सुरक्षा को लेकर नींद उड़ी हुई है। वहीं ग्रामीणों में भी भय का माहौल बना हुआ है। फिलहाल हाथियों का यह दल डोंगाभवना और देउरमार के आसपास विचरण करते देखा गया है।

# उमसभरी गर्मी से शहरवासी हलाकान

### बारिश थमते ही बढ़ने लगा शहर का तापमान

**रायगढ़।** पिछले तीन दिनों से बारिश थम गई है। हालांकि आसमान पर बादलों का डेरा बना हुआ है, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। इसके कारण इन दिनों उमसभरी गर्मी से शहरवासी हलाकान हो गए हैं। पिछले हफ्ते लगातार बारिश से नदी–नाले ऊफान पर थे। शहर का तापमान भी कम हो गया था। पिछले तीन दिनों से बारिश थम गई है। हालांकि आसमान पर बादल छाए हुए हैं, लेकिन वे बिना बरसे ही गुजर जा रहे हैं। इसके कारण उमस की मात्रा काफी बढ़ गई है। उमसभरी गर्मी से शहरवासी हलाकान हो गए हैं। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने इस हफ्ते मौसम इसी तरह रहने का अनुमान जताया है। इस बीच कुछ स्थानों पर हल्की बारिश व बूंदाबांदी होने की संभावना है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

# पिकनिक मनाकर लौट रहे थे 3 दोस्त, कुएं में जा गिरी तेज रफ्तार बाइक

### मौत से परिवार में मातम

**जांजगीर चांपा।** डभरा में बाइक सवार तीन युवक के कुंए में गिरने का मामला सामने आया है. घटना में एक युवक की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि तीनों युवक बाइक समेत सड़क के पास बने हुए कुएं में जा गिरे. आसपास के ग्रामीणों ने जब देखा तो उन्हें रस्सी के माध्यम से बाहर निकाला. उन्हें डभरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया.जहां एक युवक की मौत हो गई है. वहीं दो की हालत नाजुक बनी हुई है. घटना सक्ती जिले डभरा थाना क्षेत्र के बेसिन ग्राम की है. तीनों युवक आज रविवार को पिकनिक मनाने महानदी पर मिरौनी बैराज गए हुए थे. वापस अपने ग्राम सुखापली आ रहे थे. इस दौरान बासिन ग्राम के पास सड़क किनारे बने कुएं में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई. आसपास के ग्रामीणों ने रस्सी के माध्यम से बाहर निकाला और इलाज के लिए डभरा लेकर गए. जहां एक की मौत हो गई है. पुलिस मामले में की जांच कर रही है।

### छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा ने दिलाई सदस्यता, पिछले माह कांग्रेस पार्टी से दिया था इस्तीफा

# आम आदमी पार्टी में शामिल हुए किसान नेता लल्लू सिंह



**रायगढ़।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की रविवार को बिलासपुर में आयोजित रैली में जिले से बड़ी संख्या में आप के कार्यकर्ता शामिल हुए। पार्टी के लोकसभा सचिव राजीव गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष भरत दुबे के नेतृत्व में जिले के प्रसिद्ध किसान नेता लल्लू सिंह भी अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली।

उन्हें पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा ने सदस्यता दिलाई। ज्ञात हो कि किसान नेता लल्लू सिंह ने पिछले दिनों उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उनकी पहचान पुसौर अंचल के लोकप्रिय व संघर्षशील किसान नेता के रूप में रही है। नेतनागर केलो नहर मामले में उन्होंने किसानों के साथ अपनी ही सरकार के खिलाफ सक्रिय रूप से आंदोलन किया। बाद में कांग्रेस में पूछपरख नहीं होने के कारण उन्होंने पार्टी छोड़ दी। तभी से उनके आप में शामिल होने की बाद कही जा रही थी। आज बिलासपुर में उन्होंने पार्टी की सदस्यता लेकर तमाम कयासों पर विराम लगा दिया है।




स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रामचंद्र शर्मा द्वारा पूर्णिमा ट्रेडर्स, संस्कार पब्लिक स्कूल कैंपस, बोंदाटिकरा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ से मुद्रित एवं समलेश्वरी मंदिर रोड रायगढ़ से प्रकाशित. संपादक- नरेन्द्र कश्यप ✷ फोन नं. 07762-224455,
email-krantikarisanket.rgh@gmail.com ✷ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार